संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -152 गुरूवार, 04 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राज्यसभा को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, 03 अप्रैल 2024 (ए)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बुधवार को राज्यसभा से रिटायर हो गए। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे 91 वर्षीय मनमोहन सिंह के लिए बतौर सांसद यह आखिरी पारी थी।



मनमोहन सिंह के अलावा वर्तमान सरकार के दो वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों का कार्यकाल भी बुधवार को राज्यसभा में समाप्त हो गया।

### एक ही परिवार के सात लोगों की मौत



**छत्रपति संभाजीनगर, 03 अप्रैल 2024 (ए)।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कपड़ा दुकान में बुधवार को तड़के भयानक आग लगने से ऊपरी मंजिल पर रह रहे एक ही परिवार के सात सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि यह घटना बुधवार को तड़के तीन बजे हुई, जिसमें तीन महिलाओं, दो पुरुषों और दो बच्चों सहित सात सदस्यों की मौत हो गई।

### गोलीबारी में गैंगस्टर की मौत,पुलिस अधिकारी घायल

**जम्मू,03 अप्रैल 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रात हुई गोलीबारी में एक कथित गैंगस्टर मारा गया और एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि कठुआ में सरकारी मेडिकल कॉलेज परिसर में गोलीबारी में एक गैंगस्टर मारा गया और एक पुलिस घायल अधिकारी की भी ईलाज के दौरान मौत हो गई।

# कांग्रेस ने जारी किया चुनाव के लिए घोषणा-पत्र

### युवा न्याय

- **पहली नौकरी पक्की :** हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपए की अप्रेंटिसशिप का अधिकार
- **भर्ती भरोसा :** 30 लाख सरकारी नौकरियां, सभी खाली पोस्ट कैलेंडर के अनुसार भरेंगे
- **पेपर लीक से मुक्ति :** पेपर-लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां
- **गिग-वर्कर सुरक्षा :** गिग वर्कर के लिए बेहतर कामकाजी नियम और संपूर्ण सामाजिक सुरक्षा
- **युवा रोशनी :** युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड

### नारी न्याय

- **महालक्ष्मी** : हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल 1 लाख रुपए
- **आधी आबादी, पूरा हक :** केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण
- शक्ति का सम्मान : आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज्यादा सैलरी, दोगुनी सरकारी योगदान से
- **अधिकार मैत्री :** महिलाओं को कानूनी हक़ और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार-सहेली, हर पंचायत में
- **सावित्री बाई फुले हॉस्टल :** कामकाजी महिलाओं के लिए दोगुना हॉस्टल



**नई दिल्ली, 03 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस की तरफ से घोषणा पत्र का प्रारूप जारी कर दिया गया है, जिसमें कांग्रेस ने जनमानस को लुभाने के लिए 5 न्याय और 25 गारंटी देने की घोषणा की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पार्टी के इस न्याय और गारंटी के बारे में जानकारी शेयर की है। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा से घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस कार्यकर्ता अगले कुछ हफ्तों में पूरे भारत में 8 करोड़ परिवारों को ये गारंटी कार्ड्स वितरित करेंगे, जो 14 अलग-अलग भाषाओं में प्रिंट किए गए हैं। उन्होंने आगे लिखा कि प्रत्येक गारंटी कार्ड में ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी द्वारा घोषित पार्टी की 5 न्याय और 25 गारंटी का विवरण है।

### हिस्सेदारी न्याय

- **गिनती करो :** सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती
- **आरक्षण का हक़ :** संवैधानिक संशोधन द्वारा 50 प्रतिशत सीमा हटाकर एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक़
- **एससी/एसटी सब प्लान की कानूनी गारंटी :** जितनी एससी/एसटी जनसंख्या,उतना बजट,यानी ज़्यादा हिस्सेदारी
- **जल-जंगल-जमीन का कानूनी हक़ :** वन-अधिकार क़ानून वाले पट्टों का 1 साल में फैसला
- **अपनी धरती, अपना राज :** जहां एसटी सबसे ज्यादा, वहां पैसा लागू

### किसान न्याय

- **सही दाम :** एमएसपी की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन फॉर्मूले वाली
- **कर्ज मुक्ति :** कर्ज माफी प्लान प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए परमानेंट आयोग
- **बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर :** फसल नुकसान पर 30 दिन के अंदर सीधे खाते में पैसा ट्रांसफर
- **उचित आयात-निर्यात नीति :** किसानों के सलाह से नई इंपोर्ट-एक्सपोर्ट पॉलिसी बनेगी
- **जीएसटी-मुक्त खेती :** किसानी के लिए ज़रूरी हर चीज़ से जीएसटी हटेगा

### श्रमिक न्याय

- **श्रम का सम्मान :** 400 रुपए कम से कम दैनिक मज़दूरी, मनरेगा में भी
- **सबको स्वास्थ्य अधिकार :** 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवर = मुफ़्त इलाज़,अस्पताल, डॉक्टर, दवा, टेस्ट, सर्जरी
- **शहरी रोजगार गारंटी :** शहरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना
- **सामाजिक सुरक्षा :** असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा
- **सुरक्षित रोजगार :** मुख्य सरकारी कार्यों में कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद

# चुनाव में निष्क्रिय करने के लिए चुनाव से पहले गिरफ्तार किया




**नई दिल्ली, 03 अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले को दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने रखा गया है। ईडी का पक्ष रख रहे वकील एएसजी एसवी राजू ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आम आदमी पार्टी ने अभियान के विक्रेताओं को दिए गए सभी बड़े भुगतान कैश किया था। ईडी ने इस संबंध में कोर्ट में एक बार फिर से दावा किया कि हमारे पास व्हॉट्सऐप चैट और हवाला ऑपरेटरों के बयान भी हैं, हमारे पास बड़ी मात्रा में आयकर डेटा भी है।

अरविंद केजरीवाल का पक्ष रख रहे अभिषेक मनु सिंघवी ने दिल्ली हाईकोर्ट में बोला कि केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है कि वह मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में शामिल हैं। यह कहना बेतुका है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री हवाला लेनदेन संभालेंगे। उन्होंने कहा कि मान लीजिए कि रिश्वत देने वाला उसी समय पकड़ा जाता है, जब रिश्वत लेने वाला पैसा प्राप्त कर रहा होता है। जब रिश्वत दी जा रही है तो यह या तो पीसी अधिनियम है या आयकर अधिनियम है। यह मनी लॉन्ड्रिंग अपराध नहीं है। क्या ईडी इस स्थिति में कूद सकता है और कह सकता है कि मुझे तब भी अधिकार क्षेत्र मिलता है जब अपराध की कोई आय न हो।

बता दें कि इस मामले में अभी कोर्ट में फैसला सुरक्षित रखै हुआ है और देर शाम तक हाईकोर्ट का आदेश आने की संभावना है। वहीं कोर्ट पहुंचने के पहले अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि केजरीवाल को चुनाव में निष्क्रिय करने के लिए चुनाव से पहले गिरफ्तार किया गया।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई पूरी




#### एचसी ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली, 03 अप्रैल 2024 (ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। फिलहाल, फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी ने कोर्ट में कहा कि गिरफ्तारी पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी पर हो रहे प्रचार पर रोक लगानी चाहिए। केजरीवाल के खिलाफ कोई भी ठोस सबूत नहीं है। वहीं ईडी की ओर से कहा गया कि आप की कुछ संपत्तियां कुर्क की जाएंगी और इस मामले में चांज चल रही है।

## सचिवालय घेराव मामले में अर्जुन मुंडा सहित 27 भाजपा नेताओं को राहत



#### एचसी ने पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**रांची,03 अप्रैल 2024 (ए)।** रांची में 11 अप्रैल, 2023 को भाजपा के सचिवालय मार्च के दौरान पुलिस से हुई झड़प को लेकर दर्ज एफआईआर में नामजद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो सहित भाजपा के 27 नेताओं को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली है।

इन सभी ने रांची के धुर्वा थाने में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने के लिए याचिका दायर की थी, जिसपर बुधवार को सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने इन पर अगले आदेश तक किसी भी तरह पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। तत्कालीन हेमंत सोरेन सरकार की विफलताओं के खिलाफ भाजपा ने सचिवालय घेराव का आह्वान किया था। पुलिस ने सचिवालय और आसपास के इलाके में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगा दी थी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वाटर कैनन, आंसू गैस का इस्तेमाल किया था। उन पर लाठी चार्ज भी हुआ था। पुलिस की ओर से कराई गई एफआईआर में भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं पर बोतल एवं पत्थर फेंकने और निषेधाज्ञा तोड़ने का आरोप लगाया गया था।

## मां ने अपने ही बेटे को उतारा मौत के घाट

**मानसा ,03 अप्रैल 2024 (ए)।** स्थानीय बस अड्डे पर दो दिन पहले जिस बच्चे का शव मिला था उस मामले में अहम खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक बच्चे की हत्या उसकी मां ने ही करवाई।



इस बाबत एसपी (डी) ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि संदीप कौर पत्नी हरप्रीत सिंह बिलासपुर ने अपने भतीजे की पहचान अगमजोत सिंह (7) के रूप में बताते हुए अपनी भाभी वीरपाल कौर पत्नी हरदीप सिंह निवासी तलवंडी साबो पर आरोप लगाए। प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ कि कथित आरोपी वीरपाल कौर का पति 3 साल से बठिंडा जेल में था। इसलिए वीरपाल कौर अपनी मर्जी से किसी और के साथ जिंदगी व्यतीत करना चाहती थी और इसी कारण उसने वारदात को अंजाम दिया।पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ में बाकी खुलासे होंगे।

### संजय निरूपम से कांग्रेस छुड़ाएगी अपना हाथ

**मुंबई ,03 अप्रैल 2024 (ए)।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने पार्टी नेता संजय निरूपम को झटका दिया है। पार्टी ने निरुपम को पार्टी से निष्कासित करने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। प्रस्ताव दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान को भेज दिया गया है और पार्टी की अनुशासन समिति इस पर अंतिम फैसला लेगी। ये प्रस्ताव मुंबई में राज्य कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक के दौरान पारित किए गए, जिसमें चुनाव से पहले पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची से निरुपम का नाम हटाने का भी फैसला किया गया।

## राजीव गांधी हत्याकांड के तीन दोषी श्रीलंका लौटे



**चेन्नई ,03 अप्रैल 2024 (ए)।** राजीव गांधी हत्याकांड के दोषी बुधवार को श्रीलंका लौट गए। वो तमिलनाडु के तिरुची में स्पेशल कैंप में रह रहे थे। अधिकारियों ने ये जानकारी दी है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद सभी दोषियों के श्रीलंका जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया। बता दें कि श्रीलंका जाने वालों में मुरुगन, रॉबर्ट पायस और जयकुमार हैं। श्रीलंकाई अधिकारियों ने उनके सभी दस्तावेज मुहैया करा दिए हैं।12 नवंबर 2022 से सभी आरोपी तिरुचि में केंद्रीय कारागार के पास स्पेशल कैंप में थे। सुप्रीम कोर्ट से आदेश मिलने के बाद सभी दोषियों की रिहाई का मार्ग प्रशस्त हो सका था।चौथा दोषी, जो कैंप में था, उसका नाम संथन उर्फ टी.सुथेनथिराराजा है। संथन की बीते 21 फरवरी को किडनी फेल होने की वजह से राजीव गांधी अस्पताल में मौत हो गई थी। उसे अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए वापस कोलंबो जाना था। हालांकि, उसका निधन हो गया।

## राहुल गांधी का वायनाड में रोड शो

- » राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया...
- » के सी वेणुगोपाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल गांधी...



**वायनाड (केरल),03 अप्रैल 2024 (ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी भी हैं।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद राहुल ने संविधान को बनाए रखने की शपथ पढ़ी जिसके बाद कागजात जमा करने की प्रक्रिया समाप्त हुई। राहुल सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और फिर उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया। इसके बाद वह अपना नामांकन पत्र दाखिल कराने के लिए जिलाधिकारी के कार्यालय गए।

उन्होंने जिलाधिकारी के कार्यालय जाने से पहले रोड शो के अंत में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस जिले में कई लोगों की जान लेने वाली मानव-पशु संघर्ष की घटनाओं समेत वायनाड वासियों के सभी मुद्दों पर उनके साथ हमेशा खड़े हैं। वायनाड से मौजूदा सांसद राहुल ने कहा कि वह इस पहाड़ी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के मुद्दों पर देश और दुनिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए हमेशा तैयार हैं।

राहुल वायनाड लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की नेता एनी राजा के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।



### सुशील मोदी नहीं करेंगे चुनाव में प्रचार

**पटना,03 अप्रैल 2024 (ए)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी इस लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए कोई काम नहीं कर पाएंगे और नहीं किसी उम्मीदवार के लिए प्रचार कर पाएंगे। वे पिछले छह महीने से कैंसर से पीड़ित हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी ने बुधवार को इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए सार्वजनिक की।

## यूपी पुलिस पेपर लीक का मास्टरमाइंड चढ़ा एसटीएफ के हत्थे

#### पहले भी कई एग्जाम पेपर करवा चुका है लीक

**लखनऊ,03 अप्रैल 2024 (ए)।** यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि राजीव नयन पहले भी कई बड़े एग्जाम के पेपर लीक करवा चुका है और जेल भी जा चुका है। यूपी पुलिस और एसटीएफ कई दिनों से उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी।

#### 48 लाख लोगों ने दिया था पेपर

यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में तकरीबन 48 लाख नौजवानों ने किस्मत अजमाई थी लेकिन पेपर लीक की वजह से एग्जाम कैंसिल करना पड़ा था। सिपाही भर्ती रद्द होने के बाद से ही पुलिस पेपर लीक के आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई है। मामले में 300 से ज्यादा आरोपी पकड़े जा चुके हैं।



#### प्रिंटिंग प्रेस से हुआ था पेपर लीक

जानकारी के मुताबिक, सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक प्रिंटिंग प्रेस के जरिए हुआ था। जैसे ही पेपर प्रिंटिंग प्रेस से निकला और इसे ट्रांसपोर्ट करवाने वाली कंपनी के पास पहुंची, तभी ये लीक करवा दिया गया। पेपर लीक करवाने के लिए पूरी योजना पहले से बनाई गई थी।

## संपादकीय

### विपक्षी इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में रैली की सफलता

नेताओं के जुटान के नजरिए से देखा जाए तो विपक्षी इंडिया गठबंधन की दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली एक सफल रैली थी। इसने अपने अंतर्विरोधों के साथ और उसके बावजूद भी एकजुटता जाहिर की है, जिससे यह संदेश गया है कि इंडिया में एनडीए को चुनौती देने का दम-खम है। भ्रष्टाचार के कथित मामले में जांच एजेंसियों की एकपक्षीय' सक्रियता से भी उनके नेताओं के चुनावी जोश में कोई फर्क नहीं पड़ा है।इंडिया के 27-28 दलों की मंच पर कतारबद्ध मौजूदगी इसे प्रामाणिक बनाती है। तभी तो रैली में रखे कांग्रेस के पांच न्यायों में से एक चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई को तुरंत बंद करने की आयोग से मांग' पर कदम उठाया गया है।आयकर विभाग ने जुलाई तक उसके खाते पर किसी कार्रवाई से इनकार कर दिया है। यह त्वरित सफलता है।इसके अलावा, चुनाव आयोग से आम चुनावों में समान अवसर मुहैया कराने, चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाइयों पर रोक लगवाने, चुनावी चंदे का उपयोग कर भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी का गठन करने तथा सरकार से हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की तुरंत रिहाई की मांग उन पांच न्यायों में शामिल है। ये बिंदु विपक्ष के चुनाव प्रचार एवं मुद्दे की एक व्यापक आम समझ जाहिर करते हैं।इन्हीं मुद्दों पर विपक्ष चुनाव में सरकार को घेरेगा। इनके बावजूद, दलगत सिद्धांतों एवं इसी आधार पर सीट शेयरिंग के साथ चुनिंदा नेताओं के व्यक्तित्व को लेकर एक समझ में आ सकने वाली दुविधा से यह रैली अछूती नहीं थी।इसकी आयोजक-संयोजक कही जाने वाली आप इसको अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फोकस करना चाहती थी, जो कांग्रेस के कड़े विरोध के चलते संभव नहीं हुआ। पर आप को इससे कोई फायदा नहीं हुआ, ऐसा भी नहीं है।

# स्लम बस्तियां:क्या बदल सकेगी किस्मत



अदानी ग्रूप को एशिया की सबसे बड़ी स्लम बस्ती मुंबई की धारावी के रि-डवलपमेंट की अनुमति मिलने के बाद स्लम बस्तियां फिर चर्चा में आ गई हैं। असल में स्लम बस्तियां भारत ही नहीं, बल्कि समूची दुनिया के लिए समस्या बनी हुई हैं। दुनिया की एक चौथाई शहरी आबादी स्लम बस्तियों में रहती है। आने वाले 10 वर्षों में भारत की 50 प्रतिशत आबादी नगरों में रहने लगेगी। देश की वर्तमान आबादी का 28 प्रतिशत हिस्सा शहरों में रहता है। शहरी आबादी में होने वाली बेतहाशा वृद्धि का सीधा प्रभाव आवासन पर पड़ेगा जिससे आने वाले वर्षों में मलिन बस्तियों में रहने वाली आबादी में तीव्र वृद्धि होगी।एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 2,613 शहरों में स्लम एरिया हैं, जहां बहुत बड़ी आबादी इन बस्तियों में रहती है। इनमें से 57 फीसद तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से आती है। दिल्ली दुनिया का छठा सबसे बड़ा महानगर है। इसके बावजूद यहां एक तिहाई आवास स्लम क्षेत्र के हिस्से हैं। इस हिस्से में कोई बुनियादी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। हाल में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में हर छठा शहरी नागरिक स्लम बस्तियों में रहने के लिए मजबूर है।आंकड़े बताते हैं कि जहां आंध्र प्रदेश में हर तीसरा शहरी परिवार मलिन बस्तियों में रहता है, वहीं ओडिशा में हर 10 घर में से नौ में जल निकासी की सुविधा नहीं है। शहरों की चकाचौंध दुनिया का हिस्सा होने के बावजूद इन बस्तियों में रहने वाले लोग आज भी अंधेरे में हैं। गंदी बस्तियों में रहने वाले विकसित समाज, राजनीतिक गलियारों और प्रशासन की बेरुखी के शिकार हैं। असल में स्लम क्षेत्र का आशय सार्वजनिक भूमि पर अवैध शहरी बस्तियों से है। आम तौर पर यह एक निश्चित अवधि के दौरान निरंतर एवं अनियमित तरीके से विकसित होता है। स्लम को शहरीकरण का अभिन्न अंग माना जाता है और शहरी क्षेत्र में समग्र सामाजिक-आर्थिक नीतियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के रूप में देखा जाता है।स्लम एरिया में साक्षरता दर कम है। हालांकि धारावी में साक्षरता दर 69 प्रतिशत है। आंध्र प्रदेश में शहरी आबादी का 36.1 प्रतिशत हिस्सा मलिन बस्तियों में रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ओडिशा की मलिन बस्तियों में रहने वाले 64.1 प्रतिशत घरों में अब तक पीने का स्वच्छ पानी नहीं पहुंच पाया है। इन बस्तियों के 90 प्रतिशत घरों से जल निकासी का कोई प्रबंध नहीं है।नेशनल सर्विस स्कीम राउंड के सर्वेक्षण के अनुसार, देश की 81 प्रतिशत आबादी अनौपचारिक क्षेत्र में कार्य करती है। कोविड लॉकडाउन के लागू होने से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई थी। इस दौरान दिल्ली में भारी संख्या में रिवर्स माइग्रेशन देखा गया जब हजारों प्रवासी कामगार अपने गृह नगर वापस चले गए। इस दौरान कोई 70 प्रतिशत स्लम निवासी बेरोजगार हो गए, 10 प्रतिशत की मजदूरी में कटौती हुई और आठ प्रतिशत पर इसके अन्य प्रभाव देखे गए।इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एन्वायरनमेंट एंड पॉल्यूशन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, स्लम बस्तियों से होने वाले प्रदूषण के कारण एशिया में मौसम के पैटर्न में बदलाव आ रहा है। एक ओर हवा की रफ्तार में वृद्धि हो रही है, तो दूसरी ओर बारिश में भी कमी आ रही है। क्लाइमेट मॉडल्स इस बात के संकेत दे चुके हैं कि स्थानीय स्तर पर प्रदूषण चक्रवाती तूफान बनने और उनके बढ़ाव को प्रभावित कर सकता है। भारत के पूर्वी तट पर कई बड़े शहर हैं, जो नियमित रूप से हर वर्ष अक्टूबर-दिसम्बर के बीच इन तूफानों से प्रभावित होते हैं। इन शहरों की झुग्गी-बस्तियों में लाखों लोग खाना पकाने के लिए ईंधन के रूप में लकड़ी का उपयोग करते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में बायोमास कण उत्पन्न होते हैं, जो हवा में मिल जाते हैं। ये प्रदूषित कण, जो काफी समय तक रासायनिक रूप से शहरों में वायु के भीतर रहते हैं, बादलों में क्लाउड कंडेनसेशन न्यूक्लियर की प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं।असल में सरकारी योजनाओं के लाभ अभीष्ट लाभार्थियों के छोटे से हिस्से तक ही पहुंच पाते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि इन बस्तियों को सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर मान्यता नहीं दी जाती। उचित सामाजिक सुरक्षा उपायों का अभाव भी देखा गया है और यहां निवासियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रभाव पड़ा है। इस प्रकार शहरी नियोजन और प्रभावी शासन के लिए नया दृष्टिकोण समय की आवश्यकता है। टिकाऊ, मजबूत और समावेशी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई करना जरूरी है। स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए हमें ऊपर से नीचे के दृष्टिकोण को अपनाने की जरूरत है। स्लम बस्तियों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी को मिल कर काम करना होगा वरना हालात को बदला नहीं जा सकेगा।

**-अमित बैजनाथ गर्ग-**

## सुंदरता तेरी

काली कजरारी सी नागिन लटें तेरी,
जो बांध ले पिया को
इन्हीं नागफांस में,
नयन सरोवर जी में
बह गयो चैन बैन,
सोचे मन मैं न बहुँ
आए नहीं पास में।
गोरे तोरे रूप रंग और
लालीमा के संग,
ऐसे जैसे रक्ताभ
सूरज की फैली प्रकाश है,
होड़ जहां कितने है
पश्चिमी वेश भूषा प्रति,
ऐसे में तू पारंपरिक परिधान में भी
खास है।
कान की ये बाली तेरी
स्वर्ण सितार कोई,
क्षण क्षण बाजे तो
मृदु ध्वनि का विकास है,
देखे कोई तुझको को तो थाम लेवे
कमल ह्रदय को,
तेरी रति छवि दर्शन का
ऐसा उल्लास है।
और क्या कहूं मैं भला
करूं क्या तारीफ़ तेरी,
तेरी ही सुंदरता पे सब कुछ आस है,
लूट गए कई जानें कितने ही
महारथी,
रूप की सुंदरता का कुछ ऐसा
इतिहास है।



**अमित पाठक**
शाकद्वीपी

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कभी- कभी

कभी- कभी इस देह में,
आत्मा ऐसे छटपटाती है ।
जैसे नीर रहित मछली,
जैसे पिंजरे में उड़ने को पंछी,
जैसे प्रिय से मिलने को आतुर
विरहिणी ।
कभी -कभी इस देह में,
आत्मा ऐसे तड़पती है ।
जैसे अग्नि से दग्ध तन,
जैसे थार में तृषित मन,
जैसे निर्धनता में क्षुधार्त जन।
कभी -कभी इस देह में,
आत्मा ऐसे मुस्कराती है ।
जैसे घन को देखकर सारंग,
अर्चियों को देखकर कमल,
भगवान को देखकर अर्चक।
कभी- कभी ........।



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा,
राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भारत रत्न... लाल कृष्णआडवाणी



महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को हालिया उनके घर पहुंच कर भारत रत्न हे सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू भी मौजूद रहे। भारत रत्न से सम्मानित की गई, इन महान हस्तियों में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव के अलावा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, कृषि विज्ञानी एमएस स्वामीनाथन और उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का नाम भी शामिल था। सिर्फ आडवाणी इन पांच हस्तियों में से जीवित हैं। उनकी सेहत बेहतर नहीं थी इसलिए वह सम्मान समारोह में नहीं पहुंचे थे।
हाल ही में भारत सरकार ने 31 मार्च 2024 को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की है। तब प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा था, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी। हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक,भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई।
स्तुत्य, लाल कृष्ण आडवाणी का जन्म 8 नवंबर, 1927 को कराची (अब पाकिस्तान में) हुआ था। आडवाणी ने 1980 में स्थापना के बाद से सबसे लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। लगभग चार दशकों के संसदीय करियर के दौरान वह पहले गृह मंत्री और बाद में अटल बिहारी वाजपेयी (1999-2004) के मंत्रिमंडल में उप प्रधान मंत्री रहे। उन्हें बीजेपी के सबसे कुशल नेता के तौर पर भी देखा जाता रहा है। भारतीय जनता पार्टी को भारतीय राजनीति में एक प्रमुख पार्टी बनाने में उनका योगदान सर्वोपरि कहा जा सकता है। जनवरी 2008 में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन ने लोकसभा चुनावों को आडवाणी के नेतृत्व में लड़ने तथा जीत होने पर उन्हें प्रधानमन्त्री बनाने की घोषणा की थी। भारतीय जनता पार्टी के जिन नामों को पूरी पार्टी को खड़ा करने और उसे राष्ट्रीय स्तर तक लाने का श्रेय जाता है। उसमें सबसे आगे की पंक्ति का नाम है लालकृष्ण आडवाणी।
अनुकरणीय, लालकृष्ण आडवाणी कभी पार्टी के कर्णधार कहे गए, कभी लौह पुरुष और कभी पार्टी का असली चेहरा। कुल मिलाकर पार्टी के आजतक के इतिहास का अहम अध्याय हैं लालकृष्ण आडवाणी। जन कल्याण और देश के विकास में में उनके अहम समर्पण को सदा यादगार रहेगा। समाज, संसद और जनप्रतिनिधि के अतुलनीय कार्य के सम्मान के लिए लालकृष्ण आडवाणी देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न के सच्चे हकदार थे। अपने कार्यों से देश को गौरवान्वित करने वाले भारत रत्न को मंगलमय, शुभकामनाएं। आपका सानिध्य, आशिष और मार्गदर्शन सदा प्रेरणापुंज रहेगा।



**हेमेन्द्र क्षीरसागर,**
बालाघाट,
मध्यप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# सामयिक:जरूरी है अब विश्व संसद

डॉक्टर लोहिया का सारा जीवन संघर्ष का और मौलिक विचारों को देने का इतिहास है। जर्मनी से पढ़कर आने के बाद वे महात्मा गांधी की अगुवाई में आजादी के आंदोलन में शामिल हुए और 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी और कांग्रेस के अन्य बड़े नेताओं की गिरफ्तारी के बाद डॉक्टर लोहिया और जयप्रकाश नारायण ने ही भूमिगत रहकर आंदोलन की कमान संभाली थी और लगातार लगभग ढाई वर्ष अपनी गिरफ्तारी होने तक देश की जनता और नौजवानों को आंदोलन के लिए प्रेरित करते रहे।डॉक्टर लोहिया एक मौलिक विचारक थे, जिन्होंने अपने जीवन के कालखंड के बहुत आगे का विचार किया था। उनकी मृत्यु के बाद उनके आजादी के आंदोलन और समाजवादी आंदोलन के सहकर्मी लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा था कि लोहिया बहुत आगे तक का सोचते थे इसलिए कई बार देश के लोग उन्हें समझ नहीं सके। लोहिया स्वतः भी जानते थे कि वे जो विचार दे रहे हैं वह 50 से 100 वर्ष बाद के लिए हैं और उन्हें विश्वास था कि भले ही उस समय का समाज उनके विचारों को समझ ना पा रहा हो परंतु किसी-न-किसी दिन समझेगा जरूर और इसलिए उन्होंने खुद यह कहा था कि लोग मेरी बात सुनेंगे शायद मेरे मरने के बाद पर सुनेंगे जरूर। 12 अक्टूबर 1967 को 57 वर्ष की अल्पायु में उनके निधन के आज लगभग 67 वर्षो के बाद लोहिया के विचारों की गूंज फिर सुनाई पडने लगी है। बौद्धिक जगत विविद्यालय में और दुनिया भर के विभिन्न देशों में लोहिया की चर्चा हो रही है। लोहिया शताब्दी वर्ष में भारत में व दुनिया के अनेक देशों के विविद्यालय में लोहिया साहित्य और विचारों पर चर्चा हुई है।डॉक्टर लोहिया ने अपने जीवन काल में सात क्रांतियां को दुनिया में परिवर्तन के लिए जरूरी बताया था। उन्हें सप्त क्रांति' कहा जाता है। इन सप्त क्रांतियों में दुनिया में प्रचलित सभी प्रकार की विषमताओं को समाप्त करने का लक्ष्य था। आर्थिक सामाजिक, राजनीतिक असमानता, रंगभेद की समाप्ति, निशस्त्रीकरण, लैंगिक असमानता युद्ध की समाप्ति आदि इसमें शामिल थे। लोहिया अपने आप को विश्व नागरिक मानते थे और चाहते थे कि समूची दुनिया के 18 वर्ष की उम्र से अधिक के लोगों द्वारा निर्वाचित विश्व संसद बने। आज दुनिया इन समस्याओं से जूझ रही है। इन सब का हल विश्व संसद ही हो सकता है। आज की दुनिया में सीमांत आतंकवाद, धार्मिक आतंकवाद, नक्सली आतंकवाद जैसे अनेकों आतंकवादों से दुनिया प्रभावित है।रूस-यूक्रेन युद्ध को लगभग दो वर्ष होने को हैं। इसराईल ने हमास को नष्ट करने के उद्देश्य से लगभग पूरी गाजा पट्टी पर कब्जा कर लिया है। अमेरिका ईरान के बीच छद्म युद्ध चल रहा है, किसी भी दिन खुलकर युद्ध में तब्दील हो सकता है इसकी आशंका बनी हुई है। भारत अफगानिस्तान के बीच पाक अधिकृत कश्मीर समस्या है। 1959 से तिब्बत पर चीन का कब्जा है। दलाई लामा व उनके हजारों अन्य निर्वासित होकर जीवन बिता रहे। भारत की हजारों किलोमीटर भूमि पर चीन का कब्जा है। ऐसे ही दुनिया में सीमा विवाद युद्ध के लिए तनाव के कारण बने हुए हैं। न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले के बाद अफगानिस्तान की तबाही छिपी हुई नहीं है।समूची दुनिया में घुसपैठ की समस्या बढ़ रही है, जो कि भयावह तनाव व हिंसा का कारण बन रही है। पोलैंड की सीमा से हजारों लोग अमेरिका की सीमा में प्रवेश के लिए बर्फ में पड़े मर रहे हैं। वे अमेरिका में बसना चाहते हैं, परन्तु अमेरिका बसाने की स्थिति में नहीं है। म्यांमार से रोहिंग्या को पलायन के लिए विवश किया जा रहा है। बड़ी संख्या में बांग्लादेशी भारत की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। यह बड़ी समस्या है। इन सब का हल डॉ. लोहिया की विश्व सांसद के बनने से ही निकाल सकता है। हम संयुक्त राष्ट्र से अपील करेंगे लोहिया के जन्मदिन 23 मार्च को विश्व सांसद दिवस' घोषित करे। हम प्रधानमंत्री जी से भी अनुरोध करेंगे कि लोहिया की विश्व संसद की कल्पना भारत के प्राचीन सिद्धांत व संस्कृति को नया आयाम दे सकती है। अगर एक दुनिया बनेगी तो नेक दुनिया बनेगी। डॉक्टर लोहिया ने जुलाई 1950 में एक लेख लिखा था- तीसरा खेमा विश्व परिप्रेक्ष्य में। दरअसल, लोहिया ने 1947 से ही विश्व संसद की चर्चा शुरू कर दी थी और दुनिया में जहां-जहां भी उनके संपर्क के लोग थे उनके साथ विश्व संसद की कल्पना पर काम करने के लिए वह पहल करने लगे थे। उनका यह लेख भी उसी का एक हिस्सा है, उसे लेकर कुछ अंश मैं यहां दे रहा हूं।भारत की 6000 साल और उससे भी अधिक पुरानी संस्कृति में कुछ बात तो है जो और संस्कृतियों और धर्म की रही, लेकिन जिसे यहां अधिक पूर्णता मिली। विवेक के प्रकाश में सहानुभूति का कोमल ज्ञान तब तक अधूरा है, जब तक सारे विश्व और उसकी प्रत्येक वस्तु के साथ तादात्म्य का अनुभव न हो। मैं नहीं जानता कि सहानुभूति की इस भावना को समाजवाद और वर्ग संघर्ष से कैसे जोड़ा जाए। विश्व सरकार का आंदोलन प्रगति पर है निश्चय ही इसमें कई धुंधलके और दरारें हैं, लेकिन इसका मुख्य विचार की सारे विश्व के लिए एक सर्वोच्च संस्था हो; लोगों के दिलों में जगह बना रहा है।कुछ लोगों को विश्व सरकार का विचार आज यथार्थ और अव्यावहारिक लगता है। इसके बजाए वे क्षेत्रीय एकता के लिए काम करना बेहतर मानते हैं, जैसे पश्चिमी यूरोप की सरकार, एशिया की सरकार आदि। इसके साथ ही कई लोगों का विचार है कि एक आर्थिक विश्व के बिना एक राजनीतिक विश्व असंभव है, जबकि कुछ लोग विश्व सरकार को शुद्ध राजनीतिक स्तर तक ही रखना चाहते हैं। कमजोरी और फूट इसके दो दोष हैं।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**-रघु ठाकुर-**

# सपने कैसे टूट जाते हैं

शीर्षक पढ़ कर ही आप समझ गए होंगे। कि लेखिका मुस्कान केशरी जी फिर कुछ अपने अनुभवों से कुछ संदेश देना चाह रही है। तो चलिए शुरुआत करते हैं बहुत पूरानी बात है लगभग 1950 की। एक लड़की जो मात्र 14 साल की थी उस वक्त उसका विवाह लगभग 30 साल के लड़के के साथ करा दी गई थी। उस जमाने में बालविवाह होता था और शादी कराने की खास वजह कि लड़की के माँ-बाप मर चूके थे। लड़की की विवाह अपने दुगुने उम्र के लड़के के साथ हुई और वो दोनो कोलकत्ता रहने आ गए। जहाँ लड़के के माँ-बाप रहते थे। लड़की छोटी थी और छोटे में माँ-बाप का साया उठने के कारण उसे घर का बहुत कुछ काम नही आता था। जिसके कारण उसकी साँस उससे हमेशा गुस्सा रहती और दस बात सुनाती रहती। एक दिन जब वो लड़की माँ बनने वाली थी इधर उसका पहला बेटा जन्म ले रहा था और उधर उसके ससुर मर चूके थे। अस्पताल में खुशी का माहौल था और घर में मातम का साया छा गया था। जैसे ही वो लड़की अपने पति के घर आई तो उसकी साँस ने उसे घुसने नही दिया। साँस उस लड़की को कहती हैं- तुझसे मेरा खुशी देखा नही गया इसलिए तुने मेरे पति का मार दिया। डायन है तु, अपने माँ-बाप को खा चूँकी थी और आज मेरे पति को भी खा गई। और ये तेरा बच्चा है। मै श्राप लगाती हुँ कि तेरे किसी संतान को कभी बेटे की प्राप्ति नही होगी और ना कभी सुख मिलेगा। तेरी सारी बहु बांझ रहेगी। बेटे ने कहा - माँ क्या बोल रही हो। माँ ने कहा - बेटा चल, देख तेरे पापा कुछ नहीं बोल रहे हैं। ऐसे करते-करते बेटे और माँ घर के अदंर चले गए और वो लड़की दिनभर -रातभर मंदिर में बैठी रही और अपने बच्चे को प्यार करती रही। लड़के ने बहुत प्रयास किया लेकिन उसकी माँ ने उस लड़की को घुसने नही दिया। फिर लड़के ने उस लड़की को बिहार मे लेकर गया और लड़का पेन्टिग बहुत अच्छा बनाता था तो वो पेंटिंग बनाकर और लड़की झाड़ू-पोछा लगाकर पैसे कमाते थे और घर चलाते थे।ऐसे करते - करते उन दोनो के सात बच्चे हो चूके थे और आठवाँ बच्चा जब पेट में था। तभी उसके पति का अचानक से मृत्यु हो गया। आप सभी को कैसे बताए यह बात बताते हुए वो दादी माँ रो पड़ी और लेखिका का भी रो पड़ी। सोचिए सात बच्चे थे और आठवाँ बच्चा अभी पेट में ही था उस वक्त उसके पति इस दुनिया से चले गए। एक ऐसी लड़की जिसके ना माँ-बाप थे और ना साँस-ससुर और अब पति भी नहीं है, उस पर क्या बीत रहा होगा। उस वक्त इस लड़की ने अपना सिन्दुर खुद हटाया। बच्चो का आँसू पोछकर, अकेले मे खुद रोया करती थी। उसका पहला बेटा 14 साल का हो चूका था और उसमें अपने पिता का गुण भी था वो पेंटिंग बहुत अच्छा बनाता था लेकिन आलसी होने के कारण वो ज्यादा पेंटिग बनाता नही, जिसके कारण घर चलाने में बहुत परेशानियाँ आ रही थी बाकि सभी बच्चे छोटे-छोटे थे और वो लड़की का नौवा माह चल रहा था कभी भी बच्चा हो सकता था। ऐसे में उनका दुसरे बड़ा लड़का घर से बाहर निकला और दुकानो में काम करके पैसे कमाता और घर चलाता। उस लड़की का आँठवा सन्तान बेटा होता है और इस दुनिया में आ जाता है। आज उस लड़की के पाँच बेटे और तीन बेटियाँ है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिला मे वो लोग में रहते हैं। भारे के मकान में रहकर जीवन यापन करते हैं। यहाँ सभी बेटे और बेटियो ने कामने के लिए कुछ ना कुछ काम पकड़ा और घर की स्थिति कुछ ठीक हुई। पहले बेटे की शादी हुई उसकी पत्नी बहुत चालाक थी। शादी करते ही बेटे को परिवार से अलग कर दिया।फिर बड़ी बेटी का शादी हुआ। उसको पहला बेटा हुआ जो मात्र तीन महीने में मर गया। पूजा-पाठ कराने के बाद दो बेटा हुआ लेकिन उसके पति को किसी ने धोखे से मार दिया। बहुत कम उम्र में वो विधवा बन गई। दुसरी बेटी का शादी बड़ी बेटी के ससुराल में ही किया गया। दुसरी बेटी जब माँ बनने वाली थी तो उस वक्त सूर्य ग्रहण लगा था और उसकी साँस ने उससे सब्जी कटवा लिया जिसके कारण दुसरी बेटी का बच्चा पूरा कटा हुआ जन्म लिया। कटे बच्चे के कारण उसके पति ने उसकी दुसरी बेटी को छोड़ दिया। दुसरी बेटी ने बड़ी मेहनत और संघर्ष करने के बाद आज अपने कटे हुए बच्चे को एक आम बच्चे की तरह बनाया दिया। और वो आज के समय में मिसाल है। दूसरे, तीसरे बेटे ने अपने परिवार के लिए आज तक शादी नहीं किया और आज तक घर चलाते हैं। छोटी बेटी का शादी हुआ और उसे इतना अच्छा ससुराल मिला कि आज मायके के सारे लोग उसे गरीब लगने लगे। इसलिए शादी के बाद उसने रिश्ता ही तोड़ लिया और आज तक वो मायके नहीं आई। चौथे और पाँचवे बेटे का शादी एक साथ हुआ। पाँचवे बेटे को एक बेटी भी हो गई। लेकिन चौथे बेटे को बच्चा नही हो रहा था। बहुत डॉक्टरो से दिखवाने के 10 साल बाद उसे बच्चा होने वाला था। घर में कोई भी संतान नही होने के कारण। सभी अपनी चौथी बहुरानी का बहुत सेवा करते थे। खाना -पीना देखभाल। और वो पल आ गया जिसका सभी को इन्तजार था हाल ही की बात है 28 मार्च 2024 को 9 बजे बच्चा हुआ। लेकिन वो 5 सैकंड मे मर गया। वजह 10 साल तक बच्चे नही होने के कारण आईव्हीएफ की मदद से बच्चा जन्म ले रहा था। बाद में पता चला की बहु ने सातवे महिने मे ही दवाएँ खाना छोड़ दी थी जिसके कारण बच्चा जन्म लेते ही मर गया। पूरे घर मे रोने का माहौल छाया हुआ है। खासकर वो चौथे बेटे के लिए क्योकि उन्हे छोटे बच्चे के साथ खेलना बहुत पंसद था। लेखिका ने अपनी जिदंगी में पहली बार किसी पुरुष को ऐसे रोते हुआ देखा है। वो बूढ़ी दादी माँ आखिर अकेले में बैठी बस रोती रहती थी। क्या? आखिरकार आज उसकी रोने की वजह पता चल गया। दादी माँ का बचपन से सपना था कि वो भरे-पूरे परिवार में रहे।कम पैसा रहे लेकिन हँसता-खेलता हुआ परिवार हो।उस बूढ़ी माँ ने अपने जिदंगी के ऐसे-ऐसे पल देखे है जो लेखिका लिख भी नहीं सकती हैं। शायद इसलिए महिलाओं को देवी का रूप कहा जाता है। क्योकि अपनी जिदंगी के इतने उतार-चढ़ाव देखकर भी वो घबराई नही और सशक्त होकर आज भी वो अपने परिवार को एक साथ खुशहाल बनाने के प्रयास में लगी रहती हैं।



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# 2 बाइक की जबरदस्त भिड़ंत में 2 लोगों की मौत,मां-बेटी समेत 3 की हालत गंभीर

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर-कुसमी मार्ग पर मंगलवार की शाम 2 बाइक में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चला रहे दोनों युवकों की मौत हो गई, जबकि मां-बेटी समेत 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया। दरअसल बाइक सवार एक युवक अपनी पत्नी व बेटी के साथ राजपुर आ रहा था, जबकि दूसरी बाइक पर एक अधेड़ व एक युवक राजपुर से अपने घर जा रहे थे। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बेलकोना निवासी नरेंद्र प्रजापति पिता बालक प्रजापति 50 वर्ष व रुपेश पैंकरा पिता शिवलाल पैंकरा 22 वर्ष मंगलवार की शाम करीब 5 बजे बाइक पर सवार होकर राजपुर से घर लौट रहे थे।



वे ग्राम भदार के पास पहुंचे ही थे कि शंकरगढ़ की ओर से आ रहे ग्राम बेलकोना निवासी बाइक सवार रामाधार 45 वर्ष से उनकी आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। रामाधार के साथ उसकी पत्नी संगीता 40 वर्ष व बेटी ज्योति 14 वर्ष भी सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक में सवार पांचों सडक़ पर इधर-उधर जा गिरे। हादसे में नरेंद्र प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य चारों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पिकअप में ढोकर राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां गंभीर रूप से घायल रामाधार की भी मौत हो गई।

### मां-बेटी व युवक रेफर

राजपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मां-बेटी व युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया। फिर एंबुलेंस की मदद से उन्हें अंबिकापुर ले जाया गया।

# रखने से इंकार करने पर गर्भवती लडक़ी ने कर ली थी आत्महत्या,तीन साल बाद प्रेमी गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

दादा-दादी के साथ अंबिकापुर में रहकर पढ़ाई कर रही छात्रा का प्रेम संबंध एक युवक से हो गया था। दोनों गोमनिय तरीके से विवाह कर लिए थे और अक्सर मिला जुला करते थे। इस बीच लडक़ी गर्भवती हो गई। इसके बाद युवक उससे रखने से इंकार कर दिया और जो करना है कर लो कह कर उसे भगा दिया था। घटना से क्षुब्ध होकर पीड़िताा ने 28 अक्टूबर 2021 को आत्महत्या कर ली थी। इस मामले की जांच व पीएम रिपोर्ट के आधार पर गांधीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार एक छात्रा अंबिकापुर अपने दादा-दादी के घर रहकर पढ़ाई करती थी। वर्ष 2020 से पूर्व से छात्रा का जान पहचान सरगंवा निवासी रोहित गाइन से थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध था। दोनों वर्ष 2020 में ही गोपनीए ढंग से शादी कर लिए थे। इसके बाद दोनों के परिजन में सहत थे। वर्ष 2021 में छात्रा गर्भवती हो गई। गर्भवती होने की जानकारी छात्रा ने अपने प्रेमी रोहित को दी। इसके बाद रोहित उसे रखने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि जो करना है कर लो मैं तुम्हे नहीं रखुंगा। इस घटना से क्षुब्ध होकर छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की जांच करने में पुलिस को तीन साल लग गए। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी रोहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 306 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# महिला से बलात्कार व सोशल मीडिया पर अश्लील वीडिया वयरल करने के मामले में वकील गिरफ्तार




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

महिला को शादी का झांसा देकर बिहार के एक वकील द्वारा बलात्कार व अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वयरल कर दिया गया था। इस मामले में पीड़िता ने सीतापुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वकील को बिहार से गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में पीड़िता की बहन बिहार के एक लडक़े के साथ भाग गई थी। मामले में दौरान पीड़िता की जान पहचान लडक़ा पक्ष के वकील रितिक रोशन निवासी समस्तीपुर बिहार हुई थी। इसके बाद दोनों लगातार बातचीत करते थे। जबकि पीड़िता शादी शुदा व एक बच्चे की मां है। वकील ने पीड़िता को प्यार व शादी करने का झांसा देकर कई बार बलात्कार किया। इस दौरान वकील ने यादगार के रूप में बोलकर पीड़िता का अश्लील वीडियो भी बना लिया था और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट 23 मार्च को सीतापुर थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी रितिक रोशन निवासी समस्ती बिहार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 376(2)(ढ), 509(ख) एवं आईटी एक्ट की धारा 67, 67(क) अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में सीतपुर से आरक्षक पंकज देवांगन, आरक्षक संजय एक्का इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# 2 नाबालिग छात्राओं का अपहरण,रांची से बरामद दो आरोपी गिरफ्तार,क्षेत्र में तनाव की स्थिति

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

रघुनाथपुर चौकी अंतर्गत निवासी 2 स्कूली छात्राएं मंगलवार को परीक्षा देने स्कूल गई थीं। परीक्षा खत्म होने के बाद दोपहर करीब 2 बजे वे स्कूल से निकली थीं। इसी बीच एक धर्म विशेष के 2 युवक कार में सवार होकर वहां पहुंचे और छात्राओं को बैठाकर ले गए। छात्राएं जब घर नहीं पहुंचीं तो परिजनों ने उसकी रिपोर्ट चौकी में दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मोबाइल लोकेशन व तकनीकी जानकारी एकत्र की तो उनके रांची में होने का पता चला। इसके बाद रांची पुलिस की मदद से पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों छात्राओं को उनके कब्जे से बरामद कर उनके परिजन के सुपुर्द कया गया। इधर रघुनाथपुर पुलिस दोनों युवकों को गिरफ्तार कर ले आई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस द्वारा मंगलवार की रात ही दोनों युवकों को रघुनाथपुर चौकी लाया गया। इधर छात्राओं के परिजन व स्थानीय लोगों ने चौकी में हंगामा किया। उन्होंने आरोपियों के घर में पत्थरबाजी करने व जलाने का भी प्रयास किया। वहीं एनएच-43 पर बुधवार की सुबह चक्काजाम करने काफी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हुए। लोगों के गुस्से को देखते हुए सरगुजा पुलिस द्वारा भारी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी। वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे थे। पुलिस ने चक्काजाम करने पहुंचे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद रोका। स्थानीय लोगों द्वारा एक धर्म विशेष के आरोपी युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले में एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि 2 युवकों द्वारा 2 स्कूली छात्राओं का अपहरण किया गया था। शिकायत मिलते ही सायबर व स्थानीय पुलिस की टीम ने आरोपियों को रांची से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छात्राओं को बरामद किया। आचार संहिता को देखते हुए लोगों को इकट्ठा होने से रोका गया। मामले में दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।



# अलग-अलग मामले में 41 लीटर महुआ शराब जब्त

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

अवैध शराब बिक्री के मामले में सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सीतापुर, दरिमा, कमलेश्वरपुर व उदयपुर पुलिस ने अलग-अलग 6 मामलों में 6 आरोपियों से कुल 41 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। थाना सीतापुर क्षेत्र के ग्राम कुनमेरा निवासी तेजू नंदन चौहान, उम्र 35 वर्ष के कब्जे से 10 लीटर, सनीता कुजूर से 4 लीटर, थाना उदयपुर पुलिस द्वारा ग्राम मोहनपुर निवासी मनोज कुमार मिर्रे से 15 लीटर, थाना दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कंठी निवासी दिलीप अगरिया के कब्जे से साढ़े चार लीटर, आरोपी पुनमासो कंवर से 4 लीटर एवं थाना कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के नर्मदापुर निवासी रामप्रसाद मांझी के कब्जे से साढ़े तीन लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।



## गुंगी-बहरी महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

गुंगी-बहरी महिला से छेड़छाड करने के मामले में मणिपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। 2 अप्रैल को पीड़िता अपनी जेठानी के साथ बकरी चराने के लिए जा रही थी। तभी रास्ते में एक व्यक्ति ने उसे चुपके से पकडक़र अपने घर में ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता की जेठानी ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी भुकम को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।



# सरगुजा पुलिस द्वारा "ऑपरेशन विश्वास" के तहत् प्रकरण के आरोपियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी जारी

- » पशु क्रूरता अधिनियम के तहत् तीन आरोपी गिरफ्तार
- » आरोपियों द्वारा क्रूरतापूर्वक बुरी तरीके से कुल 21 बेज़ुबान मवेशियों को मारपीटकर हाकते हुए ले जाने को दिया गया अंजाम
- » चौकी कुन्नी पुलिस द्वारा मामले में की गई सख्त कार्यवाही

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा ''ऑपरेशन विश्वास'' के तहत् प्रकरण के आरोपियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी की कार्यवाही लगातार व तेजी से की जा रही है। इसी क्रम में चौकी कुन्नी पुलिस द्वारा पशुक्रूरता अधिनियम के तहत् तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।



मामले का विवरण इस प्रकार है, कि दिनांक 02/04/2024 को प्रार्थी रामाधार यादव पिता नान्हीं यादव, उम्र 36 वर्ष, निवासी तिरकेला, चौकी कुन्नी के द्वारा इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, कि दिनांक 02/04/2024 के सुबह साढ़े आठ बजे लगभग तिरकेला पुलिया के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा मवेशियों को क्रूरतापूर्वक और बुरी तरीके से मारपीटकर हाकते हुए ले जा रहे थे। मौके पर प्रार्थी द्वारा वहां पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा राजेश मिर्रे, शिवलाल मिर्रे और पेशराम नगेशिया नाम बताया गया। जिस पर से पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत् प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामला पंजीबद्ध उपरांत आरोपीगण राजेश मिर्रे, उम्र 24 वर्ष, शिवलाल कुर्रे, उम्र 50 वर्ष, पेशराम उम्र 60 वर्ष सभी निवासी कापू, थाना कापू जिला रायगढ़ को निवास से तलब किया गया, जिनके द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया, जिनकी गिरफ्तारी कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। मामले के आरोपी की गिरफ्तारी में चौकी कुन्नी से प्रधान आरक्षक सुरजीत कोरी, सोनसाय भगत, आरक्षक विकास केरकेट्टा, महेन्द्र राजवाड़े इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# घर में अकेली नाबालिग भतीजी पर टूटा चाचा का कहर,किशोरी ने खाया जहर

**चाचा द्वारा शादी के लिए नाबालिग भतीजी को किया जा रहा था प्रताड़ित, प्रताड्ना व पिटाई से तंग आकर नाबालिग ने उठाया घातक कदम, अस्पताल में चल रहा इलाज**



**- संवाददाता -**
**कुसमी,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले के सामरीपाठ क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी ने अपने रिश्ते में लगने वाले चाचा की प्रताड्ना व पिटाई से तंग आकर जहर का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में नाबालिग का इलाज अस्पताल में चल रहा है। दो दिन पहले चाचा उसे जबरन शादी करने कह रहा था। वहीं दो दिन बाद खेत में करने की बात पर उसने कहा कि उसकी तबियत ठीक नहीं है, आज काम करने नहीं जाएगी तो चाचा ने उसकी डंडे से पिटाई कर दी। इसके बाद उसने जहर खा लिया।

सामरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटई पतरा निवासी एक किशोरी के पिता की कुछ समय पहले मृत्यु हो चुकी है। 31 मार्च को उसके रिश्ते में लगने वाले चाचा सुखन ने उस पर शादी करने का दबाव बनाया और कहा कि शंकरगढ़ पोड़ी खुर्द से मेहमान उसे देखने आ रहे हैं। उसे वहां शादी करनी पड़ेगी। इस पर किशोरी ने यह कहते हुए शादी करने से इनकार कर दिया कि उसे अभी पढ़ाई पूरी करनी है। लेकिन उसके चाचा ने उसकी एक न सुनी और उसपर नाराज हो गया। इधर 2 अप्रैल की सुबह किशोरी की मां खेत में काम करने गई थी। इसी बीच उसका चाचा घर आया और किशोरी को भी खेत में काम करने जाने के लिए कहने लगा। जब उसने कहा कि उसकी तबियत ठीक नहीं है, इतना सुनते ही चाचा ने डंडे से उसकी बेदम पिटाई कर दी।

### किशोरी ने जहर का किया सेवन

चाचा द्वारा पिटाई करने से क्षुब्ध किशोरी ने कुछ देर बाद ही जहर का सेवन कर लिया, इससे उसकी तबियत बिगडऩे लगी तो परिजन ने उसे कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी गंभीर हालत को देखकर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया है, लेकिन परिजन उसका कुसमी अस्पताल में ही उपचार करा रहे हैं

# सीईओ भीम सिंह ने सरगुजा जिले के विभिन्न सडक़ों का किया निरीक्षण

## छत्तीसगढ़ ग्रामीण सडक़ विकास अभिकरण के सीईओ पहुंचे सरगुजा

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा जिले में सडक़ों के निर्माण कार्यों, संधारण तथा मरम्मत कार्यों के निरीक्षण हेतु मंगलवार को छत्तीसगढ़ ग्रामीण सडक़ विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह अंबिकापुर पहुंचे। इस दौरान प्रमुख अभियंता केके कटारे भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सडक़ों पर पैदल भ्रमण कर गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा सडक़ कार्य में प्रयुक्त सामग्री का स्थल पर ही परीक्षण करवाया। सिंह ने कहा कि सडक़ों का निर्माण निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार हो, साथ ही इन सडक़ों का संधारण भी नियमित रूप से किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अंबिकापुर विकासखंड के 2.60 किमी लम्बाई की सडक़ बिलासपुर-धनवार रोड से खलीबाखास का अवलोकन किया तथा शोल्डर कार्य का संधारण निर्धारित चौड़ाई में किये जाने एवं नजदीक के पेड़ों में रिफ्लेक्टिव स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए। 5.80 किमी लम्बाई की खलीबा से बलसेड़ी नवीनीकरण सडक़ में 0.20 किमी के स्टोन में



रंगरोगन एवं साइज,निर्धारित मापदण्ड में किए जाने, टर्निंग बोर्ड, एज, शोल्डर आदि व्यवस्थित किए जाने कहा। इसी तरह निरीक्षण के दौरान 12.50 किमी लंबाई की सडक़ टी-02 हंसडांड-लटोरी से दर्रीपारा में कुछ स्थानों पर पेच कार्य को तत्काल ठीक कराये जाने ठेकेदार को निर्देशित किया। टी-01 एनएच 111 डांडग़ांव-हर्रापारा से सलका-प्रेमनगर सीमा लंबाई 9.64 किमी सडक़ में स्टोन में पेंटिंग कार्य कराए जाने तथा मेण्ड्रा खुर्द-माझापारा में 3.10 किमी लंबाई की नवीनीकरण सडक़ में 100 मीटर में पाट होल्स पाये जाने के कारण ठेकेदार से तत्काल रिपेयर कराने हेतु अनुबंधानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री सिंह ने सडक़ों के कुछ स्थानों में एज उखडऩे, शोल्डर निर्धारित चौड़ाई में नहीं होने, हंसडांड सडक़ में पेच निर्मित होने के कारण संबंधित उप अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सडक़ों के निर्माण बोर्ड में कार्यपालन अभियंता अथवा कार्यालय का मोबाईल नम्बर अंकित करने कहा, जिससे आम जनता सडक़ के किसी प्रकार के सुधार हेतु तत्काल सम्पर्क कर सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य प्रारंभ के पूर्व सभी सामग्रियों की जांच निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप पाये जाने पर ही कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने उपस्थित अभियंताओ को निर्देशित किया।

# अफगानिस्तान में आतंकवाद का नेटवर्क चिंता का विषय

## सुरक्षा परिषदों के सचिवों की बैठक में बोले अजीत डोभाल

**अस्ताना,03 अप्रैल 2024।** कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता कजाकिस्तान कर रहा है। इसमें ईरान पहली बार एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भाग ले रहा है। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बैठक में हिस्सा लिया। अपनी यात्रा के दौरान एसएसए अजीत डोभाल ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव से भी मुलाकात की।





### रूस में हुए आतंकी हमले की कड़ी करते हैं- अजीत डोभाल

एससीओ की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 19वीं बैठक में अपने संबोधन के दौरान अजीत डोभाल ने 22 मार्च मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है और घटना के पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। बैठक में अजीत डोभाल ने रूसी एनएसए पत्रुशेव को आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए रूसी सरकार और लोगों के साथ भारत की एकजुटता से अवगत कराया है।

### आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो- अजीत डोभाल

बैठक में एनएसए अजीत डोभाल ने बताया कि सीमा पर आतंकवाद समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी और किसी भी उद्देश्य से किया गया आतंक का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। सीमा पार आतंकवाद में शामिल लोगों समेत आतंकवाद के अपराधियों से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने दोहरे मानदंडों से दूर रहने और उन लोगों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जो आतंकवाद के प्रायोजक, वित्तपोषक और मददगार हैं।

### अफगानिस्तान में आतंकवादी मौजूदगी चिंता का विषय

एससीओ की सुरक्षा परिषद के सचिवों की 19वीं बैठक में एनएसए अजीत डोभाल ने अफगानिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क की निरंतर मौजूदगी समेत सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के निकटवर्ती पड़ोसी के तौर पर भारत के अफगानिस्तान में वैध सुरक्षा और आर्थिक हित हैं।




# न्यायपालिका की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं, खुफिया एजेंसियों की दखलअंदाजी के आरोपों पर बोले सीजेपी

**इस्लामाबाद, 03 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान की न्यायपालिका इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। इस बीच देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने बुधवार को कहा कि न्यायपालिका की आजादी पर किसी भी तरह के हमले को विफल किया जाएगा। उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया कि न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की पूर्ण अदालत सुनवाई करेगी।

**उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों को मिले धमकी भरे पत्र**

दरअसल, मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने दावा किया कि उन्हें धमकी भरे पत्र मिले और इन पत्रों में मादक पदार्थ भेजा गया था। इन न्यायाधीशों ने सीजेपी को पत्र लिखा था। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तसादुक हुसैन जिलानी ने खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय जांच आयोग की अध्यक्षता से खुद को अलग कर दिया था।

**संघीय सरकार ने एक सदस्यीय आयोग को लेकर क्या कहा**

सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल मंसूर अवान ने कहा, सरकार ने पूरी ईमानदारी से मामले की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया था। लेकिन सोशल मीडिया और वकीलों ने उस आयोग की आलोचना की। वह चाहते थे कि अदालत मामले की सुनवाई करे। सीजेपी ईसा ने कहा कि वह अपने संस्थान की आजादी को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खतरे में नहीं हैं।

**हम इस तरह का दबाव बर्दाश्त नहीं करेंगे:सीजेपी**

सीजेपी ने कहा, अगर न्यायपालिका की आजादी पर किसी तरह का हमला होता है, तो मैं (न्यायपालिका का बचाव करने में) सबसे आगे रहूंगा और निश्चित तौर पर मेरे साथी न्यायाधीश इसमें मेरे साथ खड़े रहेंगे और हम कभी भी दखलंदाजी को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, अगर किसी के पास ऐसा करने के लिए कोई एजेंडा है।



# इमरान के वकील का अदालत से आग्रह-आजम खान की गवाही को नजरअंदाज करें

**इस्लामाबाद, 03 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के वकील ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह राजनयिक गोपनीय केबल लीक मामले में उनके पूर्व सहयोगी आजम खान की गवाही को नजरअंदाज करे। इसके पीछे उन्होंने दलील दी कि यह गवाही संदिग्ध परिस्थितियों में दर्ज की गई थी।

### जून 2023 में लापता हो गए थे आजम खान

मामले पर उच्च न्यायालय (आईएचसी) के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगल हसन औरंगजेब की खंडपीठ मंगलवार को सुनवाई कर रही थी। इमरान के वकील सलमान सफदर ने दलील दी कि आरोपी आजम खान जून 2023 में लापता हो गए थे। तब इमरान के पूर्व प्रमुख सचिव ने अपना इकबालिया बयान (कबूलनामा) दर्ज करने के बजाय एक जांच अधिकारी और मजिस्ट्रेट के सामने उनके खिलाफ गवाही दी। आजम खान खान कभी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक करीबी रहे थे।

### इमरान और कुरैशी को ठहराया गया था दोषी

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च न्यायालय इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी की उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जो राष्ट्र हितों को नुकसान पहुंचने के लिए एक गोपनीय राजनयिक पत्र के दुरुपयोग के लिए उन्हें दोषी ठहराए जाने के खिलाफ दायर की गईं थीं। दोनों नेताओं को सरकारी गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत दोषी ठहराया गया था।

### संदिग्ध परिस्थिति में दर्ज की गई आजम की गवाही

सफदर ने कहा, मामले में प्राथमिकी पिछले साल 15 अगस्त को दर्ज की गई थी। इमरान खान ने अगले दिन अपना बयान दर्ज कराया था। उच्च न्यायालय की पीठ ने रिकॉर्ड पर गौर किया और पाया कि आजम खान 15 जून को लापता हो गए थे और एक महीने बाद अपना बयान दर्ज कराने के बाद 20 जुलाई को फिर से सामने आए। इमरान के वकील ने पूर्व नौकरशाह की गवाही पर संदेह जताया और दलील दी कि यह गवाही संदिग्ध परिस्थितियों में दर्ज की गई थी। उन्होंने अदालत से आजम खान की गवाही पर कोई भरोसा न करने का आग्रह किया। सफदर ने दलील दी कि मजिस्ट्रेट ने अन्य आरोपियों को पूर्व नोटिस जारी किए बिना उनका बयान दर्ज किया।


# अब लाहौर हाईकोर्ट के तीन जजों को मिले धमकी भरे पत्र

## जहरीला सफेद पाउडर भी बरामद; जांच में जुटी पुलिस

**इस्लामाबाद,03 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान के लाहौर उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों को बुधवार को धमकी भरे पत्र मिले। इन पत्रों के भीतर संदिग्ध पाउडर भी मिला है। पत्र प्राप्त करने वाले न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति शुजात अली खान, न्यायमूर्ति शाहिद बिलाल हसन और न्यायमूर्ति आलिया नीलम शामिल हैं। अदालत के रजिस्ट्रार कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है।

इससे पहले मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के भी आठ न्यायाधीशों को संदिग्ध पाउडर के साथ धमकी भरे पत्र मिले थे। न्यायाधीशों ने इसकी शिकायत सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा से की थी।

लाहौर पुलिस और आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के वरिष्ठ अधिकारी लाहौर उच्च न्यायालय पहुंचे और पत्रों को अपने कब्जे में लिया और जांच शुरू की। घटना के बाद लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



पुलिस ने पत्र पहुंचाने वाली कूरियर कंपनी के कर्मचारी को भी हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए उसे अज्ञात स्थान पर ले गई। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, सफेद पाउडर एंथ्रेक्स हो सकता है। पाउडर को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है, ताकि पता चल सके कि यह एंथ्रेक्स है या नहीं।

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों को धमकी भरे पत्र मिलने के मामले का संज्ञान लिया है। सीजेपी ईसा की अध्यक्षता में सात सदस्यीय पीठ का गठन किया गया है। यह पीठ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के आठ न्यायाधीशों के मामले में सुनवाई करेगी। इन न्यायाधीशों ने आईएसआई सहित खुफिया एजेंसियों पर न्यायिक मामलों में दखल देने का आरोप लगाया है।

इस्लामाबद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का यह भी आरोप है कि उनके शयनकक्षों (बेडरूम) की जासूसी की गई और खुफिया एजेंसियों के कर्मियों ने मनचाहा फैसला पाने के लिए उनके रिश्तेदारों का अपहरण किया और उन्हें प्रताड़ित किया।

इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने दोनों उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को सफेद पाउडर सहित मिले धमकी भरे पत्रों की गहन जांच की मांग की है। पीटीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रथम दृष्टया जहरीले पदार्थों वाले पत्रों का इरादा न्यायाधीशों को डराना है।

# गाजा में सहायता कर्मियों की मौत पर इजराइल ने मांगी माफी

**तेल अवीव,03 अप्रैल 2024।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा में एक सहायता काफिले पर हवाई हमले में मारे गए वर्ल्ड कंट्रोल किचन (डब्ल्यूसीके) के सात कर्मचारियों की मौत पर माफी मांगी है। मंगलवार देर रात एक बयान में, आईडीएफ प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने कहा कि गलत पहचान के कारण वर्ल्ड सेंट्रल किचन के सात कर्मचारी मारे गए। हलेवी ने आगे कहा कि डब्ल्यूसीके एक महत्वपूर्ण संगठन है, जो संघर्ष वाले क्षेत्रों में काम करता है। आईडीएफ ने अतीत में इसके साथ मिलकर काम किया है।



# भारतीय सैनिकों का दूसरा बैच इसी महीने मालदीव से निकलेगा

**माले,03 अप्रैल 2024।** मालदीव-भारत के रिश्ते में आई खटास अभी भी बरकरार है। इस बीच, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर बुधवार को मालदीव में भारतीय सैनिकों की मौजूदगी को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उनके देश में मौजूद भारतीय सैनिकों के दूसरे बैच को इसी इसी महीने वापस बुला लिया जाएगा। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि 10 मई तक सभी भारतीय सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मुइज्जू का यह बयान भारतीय सैनिकों की मालदीव से वापसी के तीन सप्ताह बाद आया है।

गौरतलब है कि इससे पहले मालदीव में दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान का संचालन करने वाले 88 भारतीय सैन्यकर्मियों में से 25 जवान 10 मार्च की तय तिथि से पहले मालदीव से रवाना हो गए थे। उनकी जगह एक भारतीय नागरिक दल ने ली थी। मालदीव में दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान का संचालन करने वाले जवान द्वीपसमूह राष्ट्र में मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं प्रदान करते थे। मालदीव की मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि मुइज्जू ने एक बैठक के दौरान यह बयान दिया।इस दौरान उन्होंने मालदीव की स्वतंत्रता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उनकी सरकार अपने वादे को पूरा करने के लिए समर्पित है। इस दौरान विस्तार से जानकारी देते हुए मुइज्जू ने कहा कि दोनों देशों के बीच हुए समझौतों के मुताबिक भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी प्रक्रिया पहले से ही चल रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस माह के भीतर सैनिकों के दूसरे बैच को और 10 मई तक बचे हुए तीसरे बैच को हटा लिया जाएगा।



### किसी भी प्रकार के कपड़ों में नहीं रहेगी भारतीय सेना

ये पहली बार नहीं है उन्होंने भारतीय सैनिकों की वापसी को लेकर बयान दिया हो। बीते महीने भी उन्होंने कहा था %10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही नागरिक वेशभूषा में और न ही सेना की वर्दी में। भारतीय सेना इस देश में किसी भी प्रकार के कपड़ों में नहीं रहेगी। मैं यह विश्वास के साथ कहता हूं।

### तकनीकी टीम पहुंच चुकी है मालदीव

गौरतलब है, दो फरवरी को दोनों देशों ने सहमति जताई थी कि भारत अपने सैन्यकर्मियों को मार्च और मई के बीच मालदीव से वापस बुला लेगा। वहीं आठ फरवरी को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया था कि वर्तमान कर्मियों को भारतीय तकनीकी कर्मियों द्वारा रिप्लेस किया जाएगा। वे मालदीव में दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान का संचालन जारी रखेंगे। पिछले साल मुइज्जू भारत विरोधी रुख अपनाकर सत्ता में आए थे और शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर उन्होंने भारत से हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से स्थित द्वीप राष्ट्र से अपने कर्मियों को हटाने की मांग की थी।



# कलेक्टर ने जिला कोषालय का किया निरीक्षण

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

छ.ग.कोषालय संहिता के सहायक नियम 39 में निहित प्रावधानों के तहत आज कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिला कोषालय सूरजपुर के स्ट्रांग रूम में रखे अदालती मुद्रांक, गैर अदालती मुद्रांक, कोर्ट फी कॉपिंग टिकट, नोटेरियल टिकट, रेवेन्यू टिकट, स्पेशल अधेसिव्ह स्टाम्प तथा बहुमूल्य सामाग्रियों के पैकेट्स का बारीकी से निरीक्षण कर पैकेट्स का सत्यापन कोषालय में संधारित पंजियों से किया गया। निरीक्षण के दौरान विभागीय कार्य प्रणाली के संबध में कलेक्टर द्वारा जिला कोषालय अधिकारी अनिल कुमार बारी से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान समीर शर्मा तहसीलदार एवं कोषालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# उदयपुर ब्लॉक के 17 प्राथमिक स्कूलों में अदाणी फाउंडेशन द्वारा 1500 स्कूल यूनिफॉर्मस का वितरण





### » अदाणी कौशल विकास केंद्र की सिलाई और उत्पादन ईकाई की 20 महिलाओं द्वारा सिलाई कर किया गया तैयार

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शासकीय स्कूलों में छात्रों की नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन द्वारा जिले के उदयपुर प्रखण्ड के शासकीय प्राथमिक स्कूलों में स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण किया जा रहा है। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के सामाजिक सरोकारों के तहत परसा ईस्ट और कांता बासेन (पीईकेबी) खदान के आसपास के कुल 17 प्राथमिक स्कूलों में कुल 1500 स्कूल यूनिफॉर्म वितरण की योजना है। जिसकी शुरुआत ग्राम बासेन, पेंड्राखीया, चकेरी और झिगझरिया के चार प्राथमिक स्कूलों से की गई। स्कूल यूनिफॉर्म वितरण के लिए आयोजित एक समारोह के मुख्यअतिथि और सरगुजा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा कक्षा 1 से 5 वीं तक के छात्रों को निःशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान किया गया। साथ ही इन्हीं गांव के उपस्थित कुछ जरूरतमंद ग्रामीणों को चरणपादुका का वितरण भी किया। इस अवसर पर अदाणी इन्टरप्राइजेज लिमिटेड के सरगुजा क्लस्टर प्रमुख श्री मनोज शाही, क्लस्टर एचआर प्रमुख श्री राम द्विवेदी, भू विभाग प्रमुख श्री राजेश साव उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि इन यूनिफॉर्मस को ग्राम साल्ही में स्थित अदाणी कौशल विकास केंद्र में चलाए जा रहे सिलाई और उत्पादन केंद्र में कार्यरत ग्राम साल्ही, तारा, हरिहरपुर और परसा गांवों की 20 महिलाओं के द्वारा किया गया है। इन सभी महिलाओं ने गत वर्ष अदाणी कौशल विकास केंद्र द्वारा चलाए जा रहे तीन महीने का निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लिया था। अदाणी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने चलाई जा रही सिलाई कौशल में पारंगत होकर ये सभी महिलाएं कौशल विकास केंद्र सिलाई और उत्पादन केंद्र से जुड़कर जीविकोपार्जन तथा लाभ प्राप्त कर रहीं हैं। अदाणी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को ट्यूनिक्स,शर्ट और पैंट सहित कुल 1500 स्कूल यूनिफॉर्म सिलने का काम सहित कपड़े, सिलाई सामग्री और मौद्रिक सहायता सहित आवश्यक संसाधन प्रदान किए गए थे।

# क्या बसदेई पुलिस अवैध कारोबारियों को संरक्षण देने में व्यस्त है इस वजह से चोर चौकी क्षेत्र में चोरी में मस्त हैं?

## बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र में चोरों का बढ़ा है आतंक,कई चोरी की घटनाएं हो चुकी पर चोरों तक नहीं पहुंच पाई अब तक पुलिस...

» बढ़ती चोरी की घटनाएं क्षेत्र के लोगों के लिए बनी परेशानी का सबब,लोग हैं भयभीत

» चोरी की प्राथमिकी भी नहीं दर्ज कर रही बसदेई पुलिस... लगभग दर्जन भर से ज्यादा हो चुका है चोरी

- ओंकार पाण्डेय -
सुरजपुर,03 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

सुरजपुर जिले का बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर फिर सुर्खियों में है। वैसे तो यह पुलिस चौकी क्षेत्र तभी से सुर्खियों में है जबसे वहां प्रभारी बतौर वर्तमान चौकी प्रभारी उप निरीक्षक पदस्थ हुए हैं जुआ सट्टा सहित अवैध कारोबार नशे के कारोबार के लिए चिटफंड के बड़े व्यवसाय के लिए तो क्षेत्र वैसे भी सुर्खियां जुटा रहा था लेकिन अब क्षेत्र एक मामले में फिर सुर्खियों में है और जो पुलिस से उसकी कमियों से ही जुड़ा कानून व्यवस्था से ही जुड़ा मामला है और जिसके कारण अब एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो रहा है की क्या बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस केवल संरक्षण देने मात्र का काम कर रही है अवैध कारोबारियों को और जिसके कारण अब क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ चुकी है और जो लगातार हो रही है सूत्रों की माने तो बसदेई पुलिस खासकर प्रभारी एवम उनके दो खास सिपहसलार अवैध कारोबारियों को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं वहीं उन्हे क्षेत्र में घट रही अन्य घटनाओं को लेकर कोई फिक्र नहीं है न उनका उस ओर ध्यान है जिसकी वजह से क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय हुआ है और लगातार क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं जिन्हे सुलझाने में या चोरी की घटनाएं रोकने या चोरों को पकड़ने में बसदेई पुलिस कोई रुचि नहीं दिखा रही है जो देखने सुनने को मिल रहा है।

क्षेत्र में घट रही चोरी की घटनाओं को लेकर जब लोग प्राथमिकी दर्ज कराने पहुंच रहे हैं तो उनकी प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की जा रही है जो सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है। बसदेई पुलिस चोरी के मामले में केवल टालमटोल कर रही है और पूरी तरह मामले में अनभिज्ञ बन रही है जिससे क्षेत्र के लोगों में भय भी देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है की क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं और उसे रोकना तो दूर मामले में पुलिस कुछ भी प्रयास करने तैयार नहीं है। बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध कारोबार, नशे का कारोबार चिटफंड का प्रदेश कहें या अंतरराष्ट्रीय कारोबार साथ ही जुआ फड़ का कारोबार चलाया जाता रहा है जिसमें से जुआ फड़ मात्र पर कार्यवाही हुई वह भी वह तब संभव हो सकी जब स्थानीय पुलिस को मामले से दूर रखा गया कार्यवाही के दौरान लेकिन अन्य अवैध कारोबार अभी भी संचालित हैं जिन्हे संरक्षण मिल रहा है जो सूत्रों का दावा है। बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र में वर्तमान में चिटफंड का अंतरराष्ट्रीय कारोबार और अन्य अवैध कारोबार संचालित है और जो बिना संरक्षण संचालित नहीं हो सकता जो बताया जा रहा है जो जांचा का विषय है।


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
-कोरबा-सूरजपुर-समाचार
अम्बिकापुर ,गुरूवार 28 मार्च 2024
6

बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत हो रहा जमकर अवैध कारोबार, वहीं बसदेई पुलिस कार्यवाही करने में नाकाम क्यों?

बसदेई चौकी में एक आरक्षक व एक प्रधान आरक्षक दो साल से एक ही जगह जमे हुए,क्या उच्च अधिकारियों की नहीं जा रही इन पर नजर?

क्या प्रधान आरक्षक व आरक्षक को मिल रहा अवैध कारोबारियों को संरक्षण?

चौकी प्रभारी,प्रधान आरक्षक व आरक्षक एक ही जाति समाज के चौकी में चला रहे अपनी मनमानी:सूत्र

बसदेई पुलिस चौकी में सूरजपुर जिले के किसी थाने से ज्यादा इस चौकी का प्रभार पाने की मारा मारी है

क्या बसदेई चौकी में है ज्यादा कमाई?

प्रधान आरक्षक सहित एक आरक्षक है दो साल से चौकी में पदस्थ,जिन्हे हटाने उच्च अधिकारियों को देना होगा ध्यान

तीन की तिकड़ी बसदेई चौकी क्षेत्र में है प्रसिद्ध,तीनों में से किसी एक से भी संपर्क किसी भी मामले में संरक्षण के लिए है काफी




### बसदेई क्षेत्र में चोरी की वारदात नहीं हो रही है कम, पुलिस सुस्त चोर चुस्त वाली कहावत हो रही चरितार्थ

बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर एक ही कहावत चरितार्थ हो रही है और वह कहावत है चोर चुस्त पुलिस सुस्त। क्षेत्र में चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं वहीं पुलिस मामले में न तो चोरों को पकड़ पा रही है और न ही चोरी के लिए वह प्राथमिकी ही दर्ज कर रही है। कुल मिलाकर पुलिस मामले में केवल निश्चिंत बैठी है जैसे चोर खुद आकर खुद को पकड़ने बोलने वाले हैं।

### अवैध कारोबार क्षेत्र में बंद होने की बजाए बढ़ते जा रहे हैं,अवैध कारोबार के लिए गढ़ बनता जा रहा है बसदेई पुलिस थाना क्षेत्र

बसदेइ पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध कारोबार बंद होने की बजाए बढ़ता जा रहा है,एक तरह से बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र अवैध कारोबार के लिए गढ़ बन गया है,जुआ फड़ पर कार्यवाही हुई भी लेकिन चिटफंड का अंतर्राष्ट्रीय कारोबार इसी पुलिस चौकी क्षेत्र में जारी है। नशे का भी कारोबार यहां से संचालित है सूत्रों का दावा है वहीं जुआ फड़ पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है।

# भैयाथान रोड में मल्टीप्लेक्स के समीप सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

- संवाददाता -

सूरजपुर, 03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। नगर के भैयाथान रोड में मल्टीप्लेक्स के समीप एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार पिकअप वाहन चालक ने मोटर सायकल सवार को जबरदस्त ठोकर मार कर फरार हो गया। जबकि मोटर सायकल चालक गंभीर हो गया था जिसे 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया किंतु उसे बचाया नहीं जा सका मृतक बिश्रामपुर का बताया जा रहा है को किसी कार्य से भैयाथान गया था वहां से लौट रहा था वही पिकअप और मोटर सायकल की भिड़ंत हो गई थी।



# धूमधाम से मना शीतला माता मंदिर में वार्षिक महोत्सव

- संवाददाता -
सूरजपुर, 03 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।



नगर के शीतला माता मंदिर में मानहेरू महलवाला परिवार के द्वारा आयोजित दो दिवसीय शीतला माता महोत्सव का आयोजन धूमधाम व उत्साहपूर्वक किया गया। इस दौरान माता की विधिवत पूजा-अर्चना व धोक लगाने के साथ माता को चुनरी अर्पित की गई और सवा मनी का प्रसाद लगाया गया। उल्लेखनीय है कि शीतला माता मंदिर में होली के बाद पहले सोमवार को बड़ी संख्या में लोग माता की पूजा करने आते हैं और इस दिन पूरे परिवार के साथ एक दिन पहले बनाया हुआ बासी भोजन किया जाता है। शीतला माता मंदिर में सूरजपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से अनुयायियों ने पहुंच माता के मंदिर में अपनी हाजिरी लगाकर मत्था टेका। विदित हो कि शीतला माता मंदिर में मानहेरू महलवाला परिवार के बच्चों का मुण्डन संस्कार किया जाता है। इस दौरान रात्रि संकीर्तन और जागरण के कार्यक्रम में पूरी रात भक्तों ने माता की अलख जगाई और जमकर भजनों पर थिरके। उत्सव के दूसरे दिन पूरे समाज का भंण्डारा व प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में नगरवासियों ने हिस्सा लेकर शीतला माता का प्रसाद ग्रहण किया। नगर में शीतला माता मंदिर की स्थापना 21 वर्ष पूर्व की गई थी। महलवाला मानहेरू परिवार के सदस्यों के द्वारा पैतृक गांव हरियाणा के मानहेरू से माता की ईंट लाकर मंदिर निर्माण कराया गया और तब से यहां विविध धार्मिक अनुष्ठान के साथ मुण्डन संस्कार आयोजित होते हैं। इस वर्ष बड़ी तादाद में जुटे पारिवारिक सदस्यों व शीतला माता के अनुयायियों की उपस्थिति में विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम में सूरजपुर के साथ बिश्रामपुर, जयनगर, सलका, अम्बिकापुर, मनेन्द्रगढ़, बिलासपुर, रायपुर, पेण्ड्रा सहित अन्य स्थानों से परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में दो दिवसीय आयोजन में जुटे। आयोजन को सफल बनाने में परिवार के बैजनाथ अग्रवाल, लालचंद अग्रवाल, विष्णुराम अग्रवाल, गिरधारीलाल अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, ज्ञानीराम अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, रामअवतार अग्रवाल, प्रह्लाद अग्रवाल, बांकेबिहारी अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, राजेश महलवाला, विनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, कालीचरण अग्रवाल, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, नैतिक अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, धरमपाल अग्रवाल, शुज़म अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित परिवार के सदस्य सक्रिय थे।

# घरेलू एलपीजी गैस के व्यावसायिक उपयोग पर खाद्य विभाग द्वारा औचक निरीक्षण कर दी गई समझाईश



» व्यावसायिक प्रतिष्ठानों(होटल,रेस्टोरेंट भोजनालय, बिरयानी सेंटर,चाट दुकान) पर नीले रंग के व्यावसायिक सिलेंडर का दुकान के मालिक करें उपयोग

- संवाददाता -
सूरजपुर,03 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

शहर के हृदय स्थल पर स्थित पुराना बस स्टैंड पर खाद्य विभाग की टीम के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें चौपाटी, भोजनालय व बिरयानी सेंटर में कमर्शियल यानी की नीले रंग के सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है कि नहीं,इसकी जांच की गई। जांच में पाया गया कि अधिकतर दुकानदारों के द्वारा घरेलू कनेक्शन के तहत मिलने वाले लाल सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। इस पर खाद्य अधिकारी विजय किरण द्वारा सभी को समझाईश देते हुए नीले रंग के कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग करने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि चौपाटी में स्थित ठेले व गुमटियों में संचालित दुकानों, भोजनालय व बिरयानी सेंटर को पूर्व में भी कई बार खाद्य विभाग द्वारा समझाईश दी गई है, इसके साथ ही दुकान संचालकों को शासन की दिशा निर्देश से अवगत कराया गया है। समय-समय पर नोटिस भी जारी किए गए हैं। इसी कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए आज पुनः पुरानी बस स्टैंड स्थित दुकानों एवं गुमटियों का ऐसा निरीक्षण किया गया था जिसमें दुकान या गुमटियों में नीले रंग के कमर्शियल सिलेंडर ना पाए जाने पर आज फिर से उन दुकानदारों को विभाग व शासन के दिशा निर्देश से अवगत कराते हुए, एक अवसर दिया गया है। आज की कार्यवाही से उन्होंने आशा जताई कि जिले के दुकानदार अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालय कर सेंटर क बिरयानी सेंटर जैसे स्थानों में नीले रंग की कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करेंगें।

# एग्जिट पोल

## प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक व अन्य मीडिया से प्रसारण पर 01 जून तक रोक

- संवाददाता -
कोरिया,03 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोरिया जिले में मतदान 07 मई को होगा। बता दें मुख्य निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 (क) (ख) के तहत शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 की पूर्वान्ह 07 बजे से शनिवार 01 जून अपरान्ह 06.30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध किया गया है।

कोई भी व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित कालावधि के दौरान किसी भी तरह एग्जिट पोल आयोजन नहीं करेगा तथा प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन अथवा किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, उक्त अवधि के दौरान प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा।

# मतदाताओं को मोबाइल ऐप्स से मिलने लगी सुविधा व हो रहे हैं समाधान

» निर्वाचन प्रक्रिया में तकनीकी का उपयोग,मतदाताओं व आम नागरिकों के लिए कारगर

- संवाददाता -
कोरिया,03 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार निर्वाचन से सम्बंधित कार्य,अभ्यर्थियों के लिए नियम-प्रक्रिया,मतदाताओं की समस्या के समाधान के लिए अलग-अलग समय पर नई-नई तकनीकी का उपयोग करने से निर्वाचन से सम्बंधित कार्य आसान हुआ है तो कई समस्याओं का समाधान भी त्वरित गति से हुआ है।

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जितना मतदान जरूरी है, उतना ही हर मतदाता को जागरूक होना भी आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा अलग-अलग कार्यों के लिए मोबाइल एप्स का निर्माण किया गया है ताकि मतदाताओं व आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कार्यालय में जाने के बजाय मोबाइल में ही एप्स डाउनलोड कर की जा सकती है।

**वोटर हेल्पलाइन ऐपः**-वोटर हेल्पलाइन ऐप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ईंदू एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस ऐप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस ऐप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है।

**सी-विजिल ऐपः**- इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउन लोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने,बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।




**सक्षम मोबाइल ऐपः**-इस ऐप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम ऐप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफ़ेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ा इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है।

सक्षम ऐप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस ऐप में उपलब्ध हैं।

**सुविधा कैंडिडेट ऐपः**-इस ऐप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस ऐप में है।

**वोटर टर्नआउट ऐपः**- इस मोबाइल ऐप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस ऐप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न आउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है।


**नो यूअर कैंडिडेट (केवायसी) ऐपः**- इस ऐप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। इस एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

**इलेक्शन सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) ऐपः**-राज्य के 1800 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती (सीज़र) की कार्यवाहियों को इस ऐप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इस ऐप पर अद्यतन करते हैं। इससे निर्वाचन आयोग को स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है और उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

CMYK

# सजग कोरबा के तहत साइबर फ्रॉड के नए नए तरीकों से बचने पुलिस ने दी जानकारी

## ऑनलाइन एफआईआर से नंबर प्राप्त कर किया जा रहा है साइबर फ्रॉड




**- संवाददाता -**
**कोरबा,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

जिला पुलिस अधिक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा सजग कोरबा अभियान के माध्यम से ठगी के नए तरीकों के बारे में जिले वासियों को जागरूक किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य के पुलिस पोर्टल को खोलकर वहाँ के दर्ज हुए प्रकरण में दिये गये प्रार्थीयों के मोबाईल नम्बर को ऑनलाइन के माध्यम से देखा जा सकता है। जिसका फायदा ठगी करने वाले गिरोह उठाते हैं और उन नंबरों पर फोन कर अपने आप को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस अधिकारी बनकर, वकील बनकर, न्यायालय के बाबू या अधिकारी बनकर उनके प्रकरण में कार्यवाही के नाम पर पैसों की मांग करते हैं । उनसे ठगी करने का प्रयास करते हैं । ऐसे में किसी भी प्रकार का फोन कॉल आने पर उसे नजर अंदाज करें एवं फौरन नजदीकी थाना में इसकी जानकारी देवें। सजग कोरबा के तहत पुलिस ने ऐसे नए नए तरीकों के साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताए है ।

1.पुलिस पोर्टल में एफआईआर दर्ज कराते समय आवेदक या प्रार्थी अपना मोबाइल नंबर अंकित ना करवाएं 2.अगर आपके पास पुलिस बनकर, वकील बनकर, कोर्ट का बाबू या अधिकारी बनकर फोन आता है तो उसे नजरअंदाज करें।

3.अगर कोई केस को निपटाने या केस को जितवाने के एवज में पैसा मांगता है तो उसे पैसा ना दे।

4.अगर कोई अनजान नंबर से फोन आता है और पैसे की मांग करता है तो उसे पैसे ना दे।

कोरबा पुलिस आम नागरिकों से यह अपील करती है कि किसी भी अनजान नंबर से फोन आता है और पैसे की मांग करता है तो उसे जांच परख के बिना पैसा ना दे।

# पालक संघ ने निजी स्कूलों के द्वारा मनमानी फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने सौंपा गया ज्ञापन



**- संवाददाता -**
**कोरबा,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

जिले में संचालित निजी विद्यालय द्वारा नए शिक्षा सत्र में मनमानी तरीके से 20 से 25 प्रतिशत तक स्कूल फीस में बढ़ोतरी कर दिया गया है, जिसका कोरबा पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से विरोध करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन गया सौंपा।

कोरबा पेरेंट्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियम अधिनियम 2020 का हवाला देते हुए कहा है कि बगैर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमति के किसी भी स्कूल में 8त्र से ज्यादा फीस के बढ़ोतरी नहीं किया जा सकता है, लेकिन कोरबा के निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से पालकों से लूट करते हुए फीस में बढ़ोतरी किया गया है। अधिनियम के अनुसार कोई भी स्कूल 8त्र से ज्यादा फीस में बढ़ोतरी नहीं कर सकता है, लेकिन शहर के कुछ बड़े निजी स्कूल मनमानी करते हुए 20 से 25 परसेंट तक स्कूल फीस में बढ़ोतरी किए हैं। कोरबा पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर अभिभावकों से फीस के नाम पर लूट को रोकने की मांग किया है। जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में नियम विरुद्ध तरीके से 8त्र से ज्यादा फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की भी मांग की गई है। इस दौरान मंजीत अस्थाना सहित अन्य अभिभावक मौजूद रहे ।

# भाजयुमो ने कोरबा लोकसभा सांसद के गुमशुदा होने की दर्ज कराई रिपोर्ट



**- संवाददाता -**
**कोरबा,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कोरबा जिले में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने कोरबा की वर्तमान सांसद के लापता गुमशुदा हो जाने की शिकायत सीएसईबी पुलिस चौकी में दर्ज कराया है ।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं और मंडल अध्यक्ष ने सांसद के लापता हो जाने की पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराया और बताया कि उनके द्वारा कोरबा की संसद ने जो जनता से वादे किए थे वो उन्होंने पूरा नहीं किया है और पांच साल में कभी नजर भी नहीं आई है जिसकी खोजबीन करके सूचित करने की मांग पुलिस से की गई है । सादर सविनय निवेदन है कि कोरबा लोकसभा के वर्तमान सांसद जी जो कि 5 वर्षों से एक भी बार नहीं दिखी है।

महोदय से प्रार्थना है कि उनकी खोजबीन कर हमें जानकारी देने की महान कृपा करें। शिकायत दर्ज कराने गए भाजयुमो में सुरेश कुमार चंद्रा कार्यकर्ता भाजयुमो कोरबा मंडल,अंशु तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी की गई जारी

**» भीषण गर्मी में लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने हेतु किया गया आग्रह**

**- संवाददाता -**
**कोरबा,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाईजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में




विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में घर से बाहर जाकर ऑफिस वर्क करने वाले, खेती कार्य मे लगे आमजन तथा बाजार में खरीददारी आदि कार्य करने वाले व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थों का सेवन नहीं कर पाते हैं। इस कारण वे निर्जलीकरण के शिकार हो जाते हैं, जिसका समय पर उपचार ना मिलने के कारण मरीज की हालत गंभीर हो जाती है।

### लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय

आम लोगों के द्वारा आवश्यक् उपाय अपनाकर लू (तापाघात ) स बचाव किया जा सकता है। जिसके अंतर्गत गर्मी के दिनों में हमेशा घर से बाहर जाते समय सफेद, सूती या हल्के रंग के कपड़े पहनना,भोजन करके तथा पानी पीकर ही घर से बाहर निकलना, घर से बाहर जाते समय गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को कपड़े/ गमछे से ढककर ही निकलना, छतरी एवं रंगीन चश्मे का प्रयोग करना, गर्मी के दिनों में अधिक मात्रा में पानी पिना तथा ज्यादातर पेय पदार्थों का सेवन करना सहित अन्य उपाय अपना सकते है। इसी प्रकार बाहर जाते समय पानी साथ रखें, धूप में बेवजह बाहर जाने से बचें, बच्चों बुजुर्गो व गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें, साथ ही उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थों का सेवन कराएं। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को घर के अंदर आने से रोकें तथा जहाँ तक संभव हो अधिक से अधिक समय तक धूप में रहकर व्यायाम तथा मेहनत का काम ना करें, धूप में नंगे पांव ना चलें। इन सावधानियों को अपनाकर स्वयं को लू (तापाघात ) से बचा जा सकता है।



# शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अम्बिकापुर की छात्राओं ने

**100% वोट पर मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया प्रेरित'**





**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अम्बिकापुर की छात्राओं ने 100त्र वोट पर मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया तथा मतदान करने प्रेरित किया। लाइवलीहूड कॉलेज अंबिकापुर के सहायक परियोजना अधिकारी अकरम खान ने छात्राओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी। इस दौरान स्वीप सरगुजा कमेटी के सदस्य रजनीश मिश्रा,सुश्री प्रीति तिवारी,भगत, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के नोडल श्रीमती नीरजा मिंज उपस्थित रहे।



# खेत में लगे आग को बुझाने के दौरान जलकर वृद्ध की हुई मौत

**- संवाददाता -**
**लखनपुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिनकरा मंदिर पारा में बुधवार की दोपहर खेत में लगे आग को बुझाने के दौरान आग की चपेट में आने से जलकर 65 वर्ष की वृद्ध की मौत हो गई। सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी है।मिली जानकारी के मुताबिक फुल साय पिता स्वर्गीय माझनिया उम्र 65 वर्ष बिनकरा निवासी अपने घर के सामने खेत में गन्ना फसल लगाया हुआ था। फसल काटने के बाद खेत में बचे कचरे को जला रहा था देखते ही देखते आग दूसरी खेत में फैलने लगा आग को बुझाने के दौरान फूलसाय आग की चपेट में आ गया और जलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपूर्द कर मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद से परिवार जनों सहित क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

# मतदान के एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

## मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर होगी रोक

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत देश में हो रहे सातों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत तीनों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। आयोग के निर्देशानुसार प्रथम चरण में 18 और 19 अप्रैल, दूसरे चरण में 25 और 26 अप्रैल तथा तीसरे चरण में 6 और 7 मई को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि आवेदनकर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए। मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान दिवस के एक दिन पहले और मतदान तिथि को राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन आवश्यक है।


**CAVEAT NOTICE**

Be it known to public at large that, the Collector, Ambikapur, District Surguja (CG),vide its order dated 28/03/2024, passed in Revenue Revision Case No. 04/A-6/2023-24 have cancelled the order of Nazul Officer Ambikapur dated 07/10/2022 passed in Revenue Case No. 434/A-6/2021-22 and an order has been passed to register the suit land bearing khasra no. 243/1, area 1.710 hectare situated in Namanakala Tehsil Ambikapur under the head Government Nazul. In the order, it has been further directed to the Nazul Officer Ambikapur to correct the revenue records as per the order and submit the compliance report.

Anybody, who intends to assail the said order dated 28/03/2024 passed in Revenue Revision Case No. 04/A-6/2023-24 by the Collector, Ambikapur, District Surguja (CG), may give prior notice on the below mentioned address. The present caveat is being published to make it known to all that before taking any steps against the said order, an advance notice be served on the following address:-

**"The Advocate General,**
Office of the Advocate General,
Chhattisgarh High Court Campus,
Bodri,Bilaspur (C.G.)"

GGAdvt.04.04.2024



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,0छ0ग**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.../अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंयका मिश्रा आ0 बब्बन राय जाति भूमिहार निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 208/19 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 15/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर


# मतदाताओं को जागरूक करने गाँव-गाँव में किया जा रहा दीवारों पर नारा लेखन








**- संवाददाता -**
**मनेंद्रगढ़,03 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के सभी मतदाताओं को अपनी सहभागिता बढ़ाने तथा मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए जागरुक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डी. राहुल वेंकट और परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के निर्देशन में विभिन्न ग्राम पंचायत अंतर्गत गाँव-गाँव में दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ अंतर्गत ग्राम बड़काबहरा, बंजी, बरबसपुर, बेलबहरा,बिछियाटोला,बिहारपुर, बिरोरीडांड,बुंदेली,चैनपुर,डगौरा, डुगला,हस्तिनापुर,कोचरे,कठौतिया, खैरबना, लालपुर, लोहारी, महाराजपुर, मनवारी, मोरगा, मुक्तियारपारा, मुसरा, पाराडोल,नागपुर,परसगढ़ी,पेन्ड्री, पीपरिया,पहाडहंसवाही,साल्ही, सलवा,शंकरगढ़,सिरौली, सिरियाखोह, ताराबहरा,तेन्दूडांड,तिलोखन,उजियारपुर में दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गाँव-गाँव में जमीनी स्तर पर आमजन को ज्यादा से ज्यादा मताधिकार के उपयोग के लिए जागरुक और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही जितने भी स्वीम के कार्यक्रम किया जा रहा है उसके फोटोग्राफ्स ग्रुप में लगातार अपलोड कराने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए मैदानी अमलों द्वारा विभिन्न स्वीप गतिविधियाँ जिले में संचालित करते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# लखनऊ की जीत ने प्वाइंट्स टेबल में मचाई हलचल

## बदल गया टॉप 4 का पूरा समीकरण

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2024।** आईपीएल 2024 के 15 वें मैच के बाद आईपीएल 2024-प्वाइंट्स टेबल में काफी बदलाव आ गया है। नंबर वन पर इस समय प्वाइंट्स टेबल में राजस्थान रॉयल्स की टीम मौजूद हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर केकेआर की टीम है। इसके बाद तीसरे नंबर पर सीएसके की टीम है। वहीं आरसीबी को हराकर लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम ने टॉप 4 में एंट्री मार ली है। लखनऊ आईपीएल 2024-प्वाइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है। पांचवें नंबर पर इस समय गुजरात टाइटंस की टीम है। छठे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम है। नंबर 7 पर दिल्ली कैपिटल्स है. बता दें कि नंबर 8 पर पंजाब किंग्स अपनी



जगह बनाने में सफल रही है. लेकिन इसके बाद दो टीम आरसीबी और मुंबई इंडियंस की टीम को तगड़ा झटका लगा है। नंबर 9 पर आरसीबी है तो वहीं मुंबई की टीम आखिरा पायदान नंबर 10 पर मौजूद है।

### सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

ऑरेंज कैप इस समय विराट कोहली के पास है।.कोहली ने 4 मैच में 203 रन बनाए हैं। तो वहीं, दूसरे नंबर पर रियान पराग हैं। पराग ने 3 मैच में 181 रन बनाने में सफलता हासिल की है। तीसरे नंबर पर हेनरिक क्लासेन हैं। .क्लासेन ने 3 मैच में 167 रन बना लिए हैं. चौथे नंबर पर निकोलस पूरन हैं। पूरन ने 3 मैच में 146 रन बनाने का कमाल कर दिखाया है। नंबर 5 पर अब क्विंटन डीकॉक पहुंच गए हैं। डीकॉक ने 3 मैच में 139 रन बनाए हैं।

### सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

वर्तमान में सबसे ज्यादा लिकेट मुस्तफिजुर रहमान ने अबतक 3 मैच में 7 विकेट लिए हैं। दूसरे नंबर पर अब मयंक यादव पहुंच गए हैं। मयंक ने 2 मैच में 6 विकेट लिए हैं. तीसरे नंबर पर युजवेंद्र चहल हैं, चहल ने 3 मैच में 6 विकेट लेने का कमाल कर दिखाया है। इसके बाद नंबर 4 पर इस समय मोहित शर्मा हैं। मोहित के नाम अबतक 3 मैच में 6 विकेट दर्ज है। नंबर 5 पर खलील अहमद हैं. खलील ने 3 मैच में 72 रन देकर 5 विकेट लिए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका की जीत से भारत को फायदा

**नई दिल्ली, 03 अप्रैल 2024।** श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज बुधवार को खत्म हो गई। श्रीलंका ने मेजबानों के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल कर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप की अंक तालिका में बड़ा बदलाव किया। इससे पाकिस्तान को तगड़ा नुकसान हुआ है जबकि भारत अभी भी टॉप पर काबिज है। बता दें कि, श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच को पांचवें दिन 192 रन से जीत लिया। इससे पहले टीम ने पहला मुकाबला 328 रन से जीता था। श्रीलंका इस जीत के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। इससे पहले टीम 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर थी। दूसरे मैच में जीत के साथ टीम ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया। श्रीलंका का अंक प्रतिशत 50 का हो गया है। वहीं, पाकिस्तान 36.66 के अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गया है। श्रीलंका ने चार मैचों में से दो मुकाबलों में जीत दर्ज की। वहीं, पाकिस्तान ने पांच मैच खेले जिसमें उसे दो में जीत मिली।



### शीर्ष वरीय पेगुला ने अनिसिमोवा को हराया

**चार्ल्सटन (अमेरिका), 03 अप्रैल 2024।** शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 5 जेसिका पेगुला ने साथी अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में वापसी करते हुए 3-6, 6-4, 7-6(7-3) से जीत हासिल की। पेगुला भी परेशानी में थी क्योंकि निर्णायक सेट के दसवें गेम में उसे मैच प्वाइंट देने से इनकार कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने टाई ब्रेकर में तेजी से 5-1 की बढ़त बना ली और अपने हमवतन का फोरहैंड वाइड जाने पर मैच समाप्त कर दिया। उन्होंने यह मैच दो घंटे 26 मिनट में जीता।



पेगुला एक साल पहले यहां सेमीफाइनलिस्ट थीं , लेकिन इस बार दूसरे दौर के मुकाबले में उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी और 15 ब्रेक प्वाइंट अवसरों में से केवल चार को ही भुना पाईं। 30 वर्षीय अमेरिकी तीसरे दौर में मैग्डा लिनेट से भिड़ेंगी, 32 वर्षीय पोल ने तीन सेटों में दयाना यास्त्रेमस्का को हराया। पेगुला की साथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी मैडिसन कीज़ उतनी भाग्यशाली नहीं रहीं, रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन से तीन सेटों में हार गईं, जिन्होंने 3-6, 6-3, 6-3 से उलटफेर के साथ शीर्ष 20 प्रतिद्वंद्वी पर अपने करियर की दूसरी जीत दर्ज की। मंगलवार दोपहर को मियामी ओपन चैंपियन डेनिएल कोलिन्स ने पाउला बडोसा को 6-1, 6-4 से हरा दिया।


## ओलंपिक में भाग लेने वाले मुक्केबाज प्रशिक्षण के लिए तुर्की जाएंगे

**नई दिल्ली,03 अप्रैल 2024।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले मुक्केबाजों के तुर्की में प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जबकि वैश्विक आयोजन के आगाज में अब बस कुछ ही महीने शेष हैं।

मंत्रालय ने कहा, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत एमवायएएस भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन, प्रीति पवार, परवीन हुडा और लवलीना बोरगोहेन के साथ-साथ दो कोचों और एक फिजियो को तुर्की में एक विशेष विदेशी प्रशिक्षण शिविर के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

मुक्केबाजों के अलावा, एमओसी ने पांच टॉप्स पहलवानों के लिए विदेशी प्रशिक्षण शिविरों को भी मंजूरी दे दी, जो आगामी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।

इसमें कहा गया है, पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले प्रशिक्षण के लिए अपने सम्मानित साथी, कोच (रवि के लिए) और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ रूस जाएंगे।



इस बीच, भारतीय निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता आईएसएसएफ विश्व कप, बाकू की तैयारी के लिए निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए इटली जाएंगे।

मंत्रालय उनके एयर टिकट, आवास और भोजन की लागत, वीजा लागत, कोचिंग शुल्क (भवनीश के लिए) सहित अन्य खर्चों को कवर करेगा।

इसने सुझोउ और दोहा में डायमंड लीग प्रतियोगिताओं के लिए वित्तीय सहायता के लिए एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) के पदक विजेता मुरली श्रीशंकर के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

टॉप्स उनके कोच और मनोवैज्ञानिक का हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, ओपीए, वीज़ा शुल्क और चिकित्सा बीमा लागत सहित अन्य खर्च कवर करेगा।

इसके अलावा, भारतीय पैडलर मनिका बत्रा को क्रोएशिया में डब्ल्यूटीटी फीडर वरज़दीन में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी, साथ ही उनके कोच अमन बाल्गु को चेक गणराज्य के हाविरोव में विश्व मिश्रित युगल ओलंपिक क्वालीफिकेशन इवेंट में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी।

टॉप्स के तहत एमओसी ओलंपिक क्वालीफिकेशन इवेंट के दौरान उनके कोच के लिए आतिथ्य व्यय (आवास, भोजन, प्रवेश शुल्क, स्थानीय परिवहन) और वीज़ा शुल्क, चिकित्सा के साथ-साथ उनके हवाई किराए को भी कवर करेगा।

बैठक के दौरान एमओसी ने इस ओलंपिक चक्र के लिए टॉप्स कोर ग्रुप में तीन निशानेबाजों और एक पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी को भी शामिल किया है।

टॉप्स में शामिल किए गए चार एथलीट हैं, भारत की पैरा-शटलर पलक कोहली, स्कीट निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका और रायजा ढिल्लों और ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी।

## पाकिस्तान दौरे के लिए न्यूज़ीलैंड टी 20 टीम का ऐलान



**क्राइस्टचर्च,03 अप्रैल 2024।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी और लाहौर में 17 से 27 अप्रैल तक होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए अनुभवी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को अपना कप्तान नियुक्त किया है।

माइकल ब्रेसवेल, जो पहली बार टीम की कप्तानी करेंगे, पिछले साल मार्च से चोटिल होने के कारण बाहर थे। चोट से उबरने के बाद उन्होंने क्रिकेट में शानदार कमैबक किया।

न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि ब्रेसवेल ने पिछले साल चोट से उबरने के लिए सराहनीय धैर्य और समर्पण दिखाया था।

वेल्स ने कहा, माइकल को लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा है और उसे फिर से क्रिकेट खेलते हुए देखना रोमांचक है। एड़ी की चोट के बाद वह फिर से अच्छा खेल रहे हैं, यह उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

वह एक अच्छा लीडर हैं। उनके पास वेलिंगटन के साथ-साथ न्यूजीलैंड ए और न्यूजीलैंड इलेवन टीमों की कप्तानी का अनुभव है, जिससे हमारा मानना है कि वह पाकिस्तान में टीम का नेतृत्व करने के लिए अच्छा विकल्प हैं।

ब्रेसवेल उस टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें अनुभवी टी20 खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें पिछले टी20 विश्व कप टीम के सात सदस्य शामिल हैं। साथ ही दो युवा खिलाड़ी टिम रॉबिन्सन और विलियम ओरूर्के को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है।

पाकिस्तान के लिए न्यूजीलैंड टीम- माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, बेन लिस्टर, कोल मैककोनी, एडम मिल्ने, जिमी नीशम, विल ओरूर्के, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सेफ़र्ट, ईश सोढ़ी

**शेड्यूल:**

पहला टी20: 18 अप्रैल, रावलपिंडी
दूसरा टी20:20 अप्रैल, रावलपिंडी
तीसरा टी20: 21 अप्रैल, रावलपिंडी
चौथा टी20: 25 अप्रैल, लाहौर
पांचवां टी20: 27 अप्रैल, लाहौर

## पेसर मुस्तफिजुर रहमान बांग्लादेश लौटे

**हैदराबाद,03 अप्रैल 2024।** चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान आईपीएल 2024 को बीच में छोड़कर ही अपने देश वापिस लौट गए हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक वह वीजा संबंधी समस्याओं के चलते स्वदेश लौटे हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज ने अभी तक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट झटके हैं और पर्पल कैप पर भी कब्जा किया है। चेन्नई सुपर किंग्स का अभी तक का आईपीएल अभियान कमाल का रहा है। अभी तक उन्होंने 3 में से 2 मैचों में जीत दर्ज की है। इसी के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 7 विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान भी उन्हीं की टीम में शामिल हैं। लेकिन फिलहाल बुरी खबर ये है कि रहमान वापिस बांग्लादेश लौट गए हैं। वह आगामी सीएसके बनाम हैदराबाद मुकाबले में शामिल नहीं हो सकेंगे।



## मयंक की रफ्तार से आईपीएल में सभी अचंभित

**बेंगलुरु,03 अप्रैल 2024।** पहले दो आईपीएल मैचों में प्लेयर ऑफ़ द मैच, आईपीएल में सबसे अधिक लगातार 155 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से गेंद, लीग के इतिहास की चौथी सबसे तेज़ गेंद (156.7 किमी प्रति घंटा)। 21 साल के मयंक यादव ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ़ मैच जिताऊ स्पैल डालने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ख़िलाफ़ इसको दोहराया। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लेकर बेहतरीन स्पैल डाला, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन के विकेट शामिल थे। ये ऐसे बल्लेबाज़ हैं,जो ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर खेलने के आदी हैं, वहीं एक विकेट रजत पाटीदार का भी इसमें शामिल था।

मैच के बाद मयंक ने कहा, दो मैचों में दो प्लेयर ऑफ़ द मैच अवार्ड लेकर अच्छा लग रहा है, लेकिन मैं इससे अधिक खुश हूं कि हम दोनों मैच जीते। मेरा लक्ष्य देश के लिए काफ़ी वर्षों तक अच्छा करना है, जितना मैं कर सकूं। यह बस शुरुआत है मेरा फ़ोकस मेरे मुख्य लक्ष्य पर है। मयंक ने कहा कि उनका पसंदीदा विकेट ग्रीन का था जो एक तेज़ गेंद पर बीट होकर बोल्ड हो गए और गेंद स्टंप्स से लगकर वन बाउंस बाउंड्री तक पहुंची। मयंक ने कहा, आपको इस गति से गेंदबाज़ी करने के लिए कुछ चीज़ों की ज़रूरत होती है, जैसे डाइट, सोना और ट्रेनिंग। अगर आप इस गति से गेंदबाज़ी करना चाहते हो तो आपको हर चीज़ में सटीक होना जरूरी है। मेरा फ़ोकस मेरी डाइट पर है और साथ ही मेरी रिकवरी पर भी जिसमें आइस बाथ शामिल है।



लखनऊ के कप्तान केएल राहुल कीपिंग कर रहे थे और उन्होंने कहा कि मयंक की एक गेंद उनके ग्लव्स पर बहत ही तेज़ लगी थी। राहुल ने कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है जिस तरह की इन मैचों में मयंक ने गेंदबाज़ी की है। वह शांति से और संयम के साथ डगआउट में बैठकर पिछले दो सीजन् से इंतज़ार कर रहा था। वह पिछला सीजन् चोटिल होने के कारण नहीं खेल सका। लेकिन वह मुंबई में फ़जियो के साथ रहकर काफ़ी कड़ी मेहनत कर रहा था। वह जानता है कि 155 किमी प्रति घंटा की गति से गेंदबाज़ी करना आसान नहीं है। युवा अवस्था में ही उसको कई चोट लग चुकी हैं। उसका बेहतरीन मिज़ाज़ है और स्टंप्स के पीछे 20 यार्ड से उसको गेंदबाज़ी करते देखने में मज़ा आ रहा है। जहां मैं चाहता हूं वह वहीं गेंदबाज़ी कर रहा है। लखनऊ के ओपनर क्विंटन डिकॉक ने कहा कि मयंक रॉकेट फ़ेंक रहा था। डिकॉक ने कहा, उसको अपनी टीम में देखकर खुश हूं। वह बहुत ही अच्छी गेंदबाज़ी कर रहा है। आमतौर पर एक युवा के तौर पर इतनी गति के साथ गेंदबाज़ी करने से आप कई चीज़ों में फंस जाते हो। लेकिन वह चीज़ों को बहुत सरल रखते हुए बहुत अच्छा कर रहा है। बेंगलुरु के कप्तान फ़ाफ़ डुप्लेसी ने कहा कि एक युवा तेज़ गेंदबाज़ के नए एक्शन से गेंदबाज़ी करने पर बल्लेबाज़ों को जज करने और समायोजन बैठाने में मुश्किल आती है।

## अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पाः द रूल का धांसू पोस्टर जारी

अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा- द रुल को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने फिल्म के पोस्टर के साथ टीजर की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। मेकर्स इस फिल्म का टीजर अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर रिलीज करेंगे। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन 8 अप्रैल को अपना 42 वां जन्मदिन मनाएंगे। इस मौके को खास बनाने के लिए पुष्पा 2 की टीम फिल्म का दूसरा टीजर रिलीज करने जा रही है। पुष्पा 2 के टीजर रिलीज की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। फिल्म का नया पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 को लेकर बीते साल एक टीजर वीडियो जारी किया गया था। वहीं, कुछ दिनों पहले फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया गया। इस बीच मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के फैंस को फिल्म के शानदान पोस्टर के साथ इसके टीजर की रिलीज डेट बताकर सरप्राइज कर दिया है। पुष्पा 2 का टीजर अल्लू अर्जुन के जन्मदिन यानी 8 अप्रैल, 2024 को रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्टर की बात करें, तो इसमें पैर में घुंघरू बांधे एक पैर को दिखाया गया है, जो पुष्पा राज का हो सकता है। इससे पहले फिल्म से अल्लू अर्जुन के चेहरे और हाथ का लुक जारी किया गया था। फैंस इस पोस्टर को देखने के बाद फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहें हैं।पुष्पा 2 को लेकर दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है। सुकुमार के निर्देशन में वर्ष 2021 में आई फिल्म पुष्पा की अगली कड़ी के रूप में पुष्पा 2 इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल पोस्टर पर यूजर्स की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने भी पोस्टर पर कमेंट किया है। उन्होंने लिखा है, वाह! सुपर! इसके अलावा तमाम यूजर्स अभिनेता को जन्मदिन की अग्रिम बधाई दे रहे हैं।




## सेजल जयसवाल फैशन डिजाइनर की भूमिका निभाने टीवी शो कृष्णा मोहिनी के कलाकारों में हुई शामिल

ये दिल मांगे मोर और डेटिंग इन द डार्क जैसे शो में काम कर चुकीं अभिनेत्री सेजल जायसवाल, देबत्तमा साहा और फहमान खान अभिनीत आगामी टीवी शो कृष्णा मोहिनी के कलाकारों में शामिल हो गई हैं। खबर की पुष्टि करते हुए सेजल ने कहा, हां, मैं शो का हिस्सा हूं, लेकिन अभी ज्यादा जानकारी नहीं दे सकती। मैं छह महीने बाद टीवी पर वापसी करने के लिए उत्साहित हूं। मैं पलकों की छांव में 2 के आखिरी पार्ट में था। जिसके बाद मैं एक वेब सीरीज क्राइम्स आज कल की शूटिंग कर रहा था। इस बीच, मैं संगीत वीडियो और कुछ विज्ञापनों पर भी सहयोग कर रहा हूं। मैं इस टीवी शो से जुड़कर खुश हूं। शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, सेजल शो में एक फैशन डिजाइनर की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वह बेहद खूबसूरत, युवा और सुंदर हैं।सूत्र ने कहा कि उनकी प्रमुख भूमिका है यह एक मजबूत किरदार है, जो शो में अभिषेक सोनी की पत्नी फहमान की छोटी बहन बनती है। यह एक सकारात्मक और प्रमुख भूमिका है।



## यश कर्नाटक में टॉक्सिकःए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स की शूटिंग शुरू करेंगे

अभिनेता यश कर्नाटक में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित और वेंकट के नारायण की केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स द्वारा निर्मित, फिल्म के बारे में एक नया अपडेट यह है कि यश जल्द ही कर्नाटक में शूटिंग शुरू करेंगे। इसकी पुष्टि करते हुए, फिल्म के निर्माताओं ने खुलासा किया, इष्टतम सुविधाओं की कमी के कारण, हमारी सभी बड़ी फिल्मों की शूटिंग राज्य के बाहर होती है। यश ने लंबे समय से यह चिंता व्यक्त की है, और इसे बदलने के लिए, हम केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स में हैं। हम कर्नाटक में टॉक्सिक की शूटिंग शुरू कर रहे हैं। हमने पहले ही बड़े पैमाने पर सेट बनाए हैं, जिससे राज्य में जमीनी स्तर के लोगों, तकनीशियनों और उभरती प्रतिभाओं के लिए नौकरी के कई अवसर और रास्ते तैयार हो रहे हैं। हम वैश्विक क्षमता वाली फिल्म बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।निर्माता के रूप में, हमारे पास भारत और विदेश के विभिन्न स्थानों से विकल्प थे। फिल्म में कई उद्योगों के अभिनेता और तकनीशियन, यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाएं भी हैं, और वहां आधार स्थापित करना अधिक किफायती होता। हालांकि, यश और केवीएन ने पहल की बयान में कहा गया है, फिल्म के कुछ हिस्सों को अन्य स्थानों पर शूट करने से पहले हम कर्नाटक में टॉक्सिक मुख्यालय स्थापित करेंगे और अपने लोगों की जबरदस्त क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। दिसंबर 2023 में, यश ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के साथ फिल्म के शीर्षक की घोषणा की और लिखा, आप जो खोज रहे हैं वह आपको ढूंढ रहा है - रूमी वयस्कों के लिए एक परी कथा । वीडियो में फिल्म में टोपी पहने और मुंह में सिगार लिए अभिनेता के लुक की झलक दिखाई गई। फिल्म को ड्रग माफिया की पृष्ठभूमि पर आधारित एक एक्शन प्रधान फिल्म बताया जा रहा है। केजीएफ फिल्मों की सफलता के बाद, अभिनेता यश एक घरेलू नाम बन गए। अब फैंस उन्हें टॉक्सिक में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को स्क्रीन पर आने वाली है।



# ग्राहकों को शराब देने की मात्रा हुई सीमित

» अब चार की जगह सिर्फ एक बोतल मिलेगी

» शराब के शौकीनों को सरकार का झटका,बिक्री के लिए आबकारी विभाग ने बदला नियम...लगेगा कोचियागिरि पर लगाम

रायपुर,03 अप्रैल 2024(ए)। शराब के शौकीनों के लिए एक और बुरी खबर है। शराब महंगी होने के साथ ही अब बेचे जाने वाले बोतलों की संख्या में भी कटौती कर दी गई है। आबकारी विभाग ने इसके लिए फरमान जारी करते हुए नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब शराब खरीदने वाले व्यक्ति को सिर्फ एक ही बोतल बेचा जाएगा। पहले काउंटर से चार बोतल खरीदने की व्यवस्था थी। बोतल के अलावा पव्वा और बीयर के लिए भी नियम बदल दिया गया है।

आबकारी सूत्रों के मुताबिक शराब दुकानों के काउंटर में लाइन लगाने वाले शौकीन 1 अप्रैल के बाद से सिर्फ एक बोतल या फिर पव्वा खरीद पा रहे हैं। इसके पीछे की वजह नई पॉलिसी बताई जा रही है। अप्रैल के पहले तक शाकीनों को काउंटर में एक साथ 16 पव्वा तक बेचा जा रहा था लेकिन अब उन्हें सिर्फ 4 पव्वा बेचने की व्यवस्था लागू है।



बताया जा रहा है कि कोई भी शराब लेने वाले व्यक्ति को सिर्फ एक बोतल ही बेचा जाएगा। बीयर का शौक रखने वाले शौकीन एक नग खरीदी कर पाएंगे। शराब दुकान के काउंटर में लागू इस नई व्यवस्था से काफी हद तक कोचियागिरी पर लगाम लग सकेगा।

पुरानी व्यवस्था में दो से तीन बार में 4-4 बोतलें और फिर 16 क्वाटर के हिसाब से दो से तीन बार खरीदारी कर कोचिए अवैध कारोबार को अंजाम दिया करते थे। इसमें प्लेसमेंट कर्मियों की भी मुख्य भूमिका रहती थी। लेकिन अब व्यवस्था बदलने से कोचियों के बीच हडक़ंप की स्थिति है।

### पहले ही दिन उगाही की शिकायत

शराब दुकानों में एक अप्रैल को ही काउंटर में लोगों से उगाही की शिकायत बाहर आई है। बताया जा रहा है पुराने स्टॉक में ही कर्मचारियों ने दाम बढ़ाकर बिक्री की। बिना स्केन के ही शौकीनों के बीच स्टॉक खपा दिया। जबकि पूरे स्टॉक की स्केनिंग होने के बाद उसे बेचने निर्देश जारी किया गया था। आबकारी की नई पॉलिसी का फायदा उठाकर कर्मचारियों ने बढ़ी कीमतों के बहाने शौकीनों से 20 से 50 रुपये तक वसूल कर लिए।

### पहले तीन दिनों में रिकार्ड आमदनी

बढ़ी कीमतों पर शराब बिक्री शुरू होने के साथ ही पहले तीन दिनों में रिकार्ड आबकारी विभाग को रिकार्ड आमदनी हुई है। दो दिनों में ही करोड़ों रुपये की बिक्री हुई है। पिछले साल 6 हजार करोड़ रुपये बिक्री का लक्ष्य रखा गया था। इस बार बिक्री की राशि में 40 फीसदी बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

## संक्षिप्त खबर

### हिट एंड रन मामलों में मृतक और घायलों को दी जाने वाले मुआवजे में बड़ी वृद्धि

रायपुर,03 अप्रैल 2024 (ए)। अज्ञात वाहनों से हिट एंड रन मामलों में मृतक और घायलों को दी जाने वाले मुआवजे में केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्रालय ने बड़ी वृद्धि की है। सोलेशियम योजना के तहत मृतक के परिजनों को दो लाख



और गंभीर घायल को 50 हजार रूपए दिए जाएंगे एसएसपी संतोष सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को पत्र जारी कर इसका अधिकाधिक प्रचार प्रसार कर लोगों को अवगत कराने के लिखित निर्देश दिए हैं। यह वृद्धि केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्रालय ने बीते 12 मार्च को मोटरयान अधिनियम में भी अधिसूचित कर दिया है।

# पीएम को गाली अब जनता बर्दाश्त नहीं करेगी

### बयान, हिंसक है, भड़काऊ है,उग्र है.

रायपुर,03 अप्रैल 2024(ए)। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा है कि, हमें मोदी का सिर फोड़ने वाला सांसद चाहिए। इस पर सीएम साय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।सीएम विष्णुदेव साय ने पलटवार करते हुए कहा है कि पीएम को गाली अब जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के मुड़ फोड़ने वाले बयान से भाजपा नेताओं में नाराज़गी व्याप्त है।

बीजेपी नेताओं ने अलग अलग बयान देकर अपने ही अंदाज़ में डॉ महंत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आज भाजपाइयों द्वारा तत्संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग से लिखित शिकायत भी दर्ज करवाई गई है।

डिप्टी सीएम और छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा चरण दास महंत के बयान पर बोले मैं भी हूं मोदी का परिवार पहली लाठी मुझे मारे। भाजपा चुनाव प्रभारी नितिन नबीन ने भी यही बातें कहते हुए बोले- मै





हूं मोदी का परिवार,पहली लाठी मुझे मारो। अभद्र बयान पर कहा- जनता माफ नही करेगी,करारा जवाब देगी ,देश के प्रधानसेवक के खिलाफ अभद्र टिप्पणी देश और छत्तीसगढ़ की जनता को मंजूर नहीं।

भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दोपहर 2 बजे चुनाव आयोग कार्यालय शिकायत करने जायेगा। प्रदेश बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने कहा प्रधानमंत्री जी के लिए दिया गया बयान ,हिंसक बयान है ,भड़काऊ है ,उग्र है देश की संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ने वाला बयान है जनता अपनी प्रिय प्रधानसेवक के लिए इस प्रकार ने बयान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस को सबक सिखायेगी।

### ठीकरा फोड़ना मतलब, छत्तीसगढी में मुंह फोड़ना ही कहते है

महंत ने कहा है कि मुझे संसदीय परंपरा का पूर्ण ज्ञान, छत्तीसगढ़ी नहीं समझने वाले गलत प्रचार कर रहे हैं। नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा- जैसे मुहावरा है ठीकरा फोड़ना मतलब, जिम्मेदारी वहन करना होता है, जिसे छत्तीसगढी में मुड़ फोड़ना ही कहा जाता है।

डॉ. चरणदास महंत ने कहा है कि, राजनांदगांव में दिए गए मेरे बयान को तोड़-मरोडक़र प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि, उन्हें छत्तीसगढ़ की रीति-नीति व संस्कृति का शायद ज्ञान नहीं है, इसलिए उनके सहज व विशुद्ध छत्तीसगढिय़ा वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है।


नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा है कि, मैं विशुद्ध रूप से छत्तीसगढिय़ा संस्कृति में रचा-बसा हूं। छत्तीसगढ़ की भाषा शैली का उपयोग करते समय बीच-बीच में निर्धारित प्रयोग लक्षणा-व्यंजना में आने वाले शब्दों के साथ बात करता हूं। छत्तीसगढिय़ों में एक प्रचलित वाक्य जैसे-लउठी धर के दउड़ा न, मार न टूरा ला जैसे कई वाक्य सहज रूप से उपयोग में लाए जाते हैं।

उन्होंने बयान को तोड़मड़ोरकर पेश करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा.जो लोग छत्तीसगढ़ की रीति-नीति, भाषा संस्कृति को नहीं समझते, ऐसे मीडिया प्रतिनिधियों के द्वारा गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।

### मुझे पद की गरिमा का पूरा भान, मोदी के लिए यह वोले

डॉ. महंत ने कहा कि, मुझे प्रधानमंत्री के पद, संसदीय परंपरा और गरिमा का पूरा ज्ञान है। मैं स्वयं 4 बार सांसद, 5 बार विधायक रहा और स्पीकर के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष होने के नाते संवैधानिक गरिमा का भी ख्याल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई बार व्यक्तिगत मुलाकातें हुई हैं और वे मुझे भी व्यक्तिगत तौर पर जानते हैं।

## महतारी वंदन योजना




### महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त जारी

#### सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर दी जानकारी

रायपुर,03 अप्रैल 2024(ए)। लोकसभा चुनाव के नामांकन रैली और व्यस्ततम चुनावी कार्यक्रम के बीच सीएम विष्णुदेव साय ने अपने ट्वीट में लिखा, मोदी की गारंटी में किये वादे को निभाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के स्वाभिमान का सम्मान कर आज महतारी वंदन योजना की इस माह की किश्त जारी कर दी है । छग की बीजेपी सरकार ने महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त आज जारी कर दी हैं।

मुख्यमंत्री साय द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत लाभार्थी महिलाओं को हर महीने ₹1000 की आर्थिक सहायता दी जाने वाली है, इस तरह महिलाओं को सालाना ₹12000 की आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। योजना का प्रथम चरण पूरा हो चुका है जिसमें करीब 70 लाख आवेदन सरकार को प्राप्त हुए हैं। इस योजना को लॉन्च करने का उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुधारना और उन्हें सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत 21 वर्ष और उससे अधिक आयु की विवाहित महिलाएं, विधवा महिलाएं या परित्यक्ता महिलाएं आवेदन करने के पात्र हैं।

# महिला चिकित्सक को पदोन्नति देने के आदेश का पालन नहीं

» स्वास्थ्य सचिव को नोटिस

» वरिष्ठता को दरकिनार कर जूनियर चिकित्सकों को पदोन्नत किया...

बिलासपुर,03 अप्रैल 2024 (ए)। सिम्स में महिला डाक्टर की पदोन्नति में सेवाकाल की वरिष्ठता को दरकिनार कर जूनियर डाक्टर को पदोन्नत करने पर डॉ.अर्चना सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी । मामले की सुनवाई करते हुए सिम्स की महिला चिकित्सक को पदोन्नति देने के आदेश का पालन नहीं करने पर स्वास्थ्य सचिव को नोटिस जारी कर हाईकोर्ट ने जवाब मांगा है।प्रकरण के मुताबिक सन् 2002 में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने सिम्स मेडिकल कॉलेज की स्थापना की थी। याचिकाकर्ता डॉ. अर्चना सिंह को इसमें चिकित्सक के रूप में जॉइनिंग दी गई थी। पांच साल बाद 2007 में सिम्स का राज्य सरकार ने अधिग्रहण कर लिया।



तब डॉ. सिंह से दोबारा ज्वाइनिंग कराई गई और कहा गया कि विगत पांच वर्षों की सेवा को उनकी वरिष्ठता में शामिल किया जाएगा। सन् 2015 की विभागीय पदोन्नति में उनकी वरिष्ठता को दरकिनार करते हुए जूनियर चिकित्सकों को प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत कर दिया गया।

इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की बेंच ने सुनवाई के बाद आदेश दिया था कि याचिकाकर्ता की 5 वर्ष की सेवा को वरिष्ठता में लेते हुए पदोन्नति की नई सूची तैयार करे। आदेश का निर्धारित समय पर पालन नहीं होने पर कोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई माह में होगी।

## ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी के नाम से साइबर ठगी

रायपुर,03 अप्रैल 2024(ए)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला की फोटो का इस्तेमाल कर साइबर ठगी का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात व्यक्ति व्दारा सोशल मीडिया में श्री शुक्ला की प्रोफाइल फोटो (डीपी) लगाकर उनसे संबंधित लोगों को वाट्सएप पर फर्जी मैसेज भेजकर ठगी करने की कोशिश की जा रही है।उनके सभी संपर्क में रहने वाले लोगों को फर्जी मैसेज भेजे जा रहे हैं। श्री शुक्ला ने लोगों को जागरूक करने के लिए मैसेज भेजकर कहा है कि 9913599513 मोबाइल नंबर से लोगों को भेजे जा रहे मैसेज फर्जी हैं। इस नंबर या और अन्य किसी भी नंबर से मैसेज प्राप्त हो तो उसमें प्रतिक्रिया ना दें। ऐसे फर्जी व्यक्तियों से सावधान रहे अन्यथा धोखाधड़ी हो सकती है। इस संबंध में साइबर पुलिस को भी समुचित कार्रवाई करने के लिए सूचित किया गया है।

# कोरचोली के जंगल में हुए मुठभेड़ में 13 तक पहुंची मृत नक्सलियों की संख्या

### ऑटोमैटिक हथियार भी किए गए बरामद

बीजापुर,03 अप्रैल 2024(ए)। बीजापुर के कोरचोली के जंगल में फ़ोर्स से हुए मुठभेड़ के बाद आज सुबह सर्चिंग के दौरान तीन और नक्सलियों के शव मिले। जिससे मुठभेड़ में मरने वाले नक्सलियों की संख्या 13 पहुंच गई है। बता दें मंगलवार देर शाम तक मौके से 10 नक्सलियों के शव बरामद किए गए थे।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक करीब 18 घंटे चले एनकाउंटर में कुल 13 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें एक महिला नक्सली भी है। इस मुठभेड़ में नक्सली कमांडर पापाराव के मारे जाने की खबर है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुई मुठभेड़ रात करीब 11 बजे खत्म हुई।

### टेकलगुड़ेम मुठभेड़ की आज तीसरी बरसी

सभी नक्सलियों के शव को बीजापुर जिला मुख्यालय में लाने की तैयारी की जा रही है।



जवानों ने नक्सलियों के पास से एके-47, एलएमजी जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। टेकलगुड़ेम मुठभेड़ की आज तीसरी बरसी है। 3 अप्रैल 2021 में इस मुठभेड़ में 22 जवानों को नक्सलियों ने मारा था। वहीं, 3 साल बाद उसी इलाके में पुलिस ने एक साथ 13 माओवादियों को ढेर किया है।

### लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर ईनामी माओवादी ने किया सरेंडर, कटेकल्याण इलाके में था सक्रिय

छत्तीसगढ़ में नक्सली क्षेत्र में नक्षलियों के कायराना करतूत के बीच पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ लोन वर्राटू अभियान चला रही है। इसका असर भी देखने को मिल रहा है। दरअसल लगातार माओवादी आत्मसर्मपण कर रहे हैं।

पुलिस के लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 1 माओवादी ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित कटेकल्याण एरिया कमेटी के ग्राम पिट्टेडब्बा मिलिशिया सदस्य के पद पर सक्रिय था। बता दें कि आत्मसमर्पित माओवादी नक्सली बंद सप्ताह के दौरान रोड खोदकर मार्ग अवरोध करने की घटनाओं में शामिल था।

पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा ने आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ देने की बात कही है। जानकारी के अनुसार, लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 174 ईनामी माओवादी सहित कुल 689 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

## अमित शाह 6 अप्रैल को होंगे छत्तीसगढ़ में

राजनांदगांव,03 अप्रैल 2024 (ए)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महाजनवाड़ी स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में बताया



कि 6 अप्रैल को देश के गृहमंत्री अमित शाह का कवर्धा आगमन हो रहा है। वे यहा विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। शाह के आगमन से भाजपा के सर्वाधिक मतों से विजयी होने का मार्ग प्रशस्त होगा।

विजय शर्मा ने कहा कि नेताओं को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हो रहा है, इससे भाजपा की जीत सुनिश्चित होने वाली है।

### रैली का भी होगा आयोजन

उन्होंने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी संतोष पांडे कल 4 मार्च को नामांकन भरेंगे, इसके लिए लखोली नाका के समीप शिवनाथ वाटिका में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की विशाल आमसभा होगी एवं रैली निकलेगी। जिसकी व्यापक तैयारियां संसदीय क्षेत्र से प्रारंभ हो चुकी है।

# क्या राजनांदगांव में बैलेट पेपर से होगा चुनाव ?

### एक साथ सैकड़ों लोगों ने खरीदा नामांकन फॉर्म

राजनांदगांव,03 अप्रैल 2024 (ए)। निर्वाचन कार्यालय राजनांदगांव में उस समय कौतुहल भरा माहौल निर्मित हो गया, जब एक साथ सैकड़ों की संख्या में लोग लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन फॉर्म खरीदने के लिए पहुंच गए। बताया गया कि फार्म लेने वाले कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता-समर्थक हैं और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मंशा से फार्म भरने की रणनीति के तहत इनके द्वारा फॉर्म खरीदा गया है।



संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6 राजनांदगांव के लिए आज 3 अप्रैल को जिला कार्यालय में कुल 8 नामांकन प्राप्त किये गए। वहीं कुल 210 अभ्यर्थियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र लिया। इस तरह अब तक कुल 241 नामांकन फॉर्म लिए जा चुके हैं।

### कांग्रेस प्रत्याशी बघेल ने की थी यह अपील

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल ने दुर्ग के पाटन क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निष्पक्ष चुनाव के लिए बैलेट पेपर से चुनाव की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि, अगर बैलेट पेपर से चुनाव चाहिए तो 375 प्रत्याशी का आंकड़ा पार करना होगा। तब ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव होंगे। भूपेश बघेल की इस बात का राजनांदगांव लोकसभा सीट पर व्यापक असर दिखाई दे रहा है।

### हर ब्लाक से दर्जनों कार्यकर्ता पहुंचे फार्म खरीदने

आज नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि 4 अप्रैल से एक दिन पहले कलेक्टर कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र लेने वालों का रेला नजर आया। यहां राजनांदगांव लोकसभा सीट के सभी ब्लॉक से बड़े पैमाने पर लोग 50-60 की संख्या में नामांकन फार्म लेने पहुंचे। लोग फार्म लेने लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। मजे की बात यह है कि इनमें से कई लोग ऐसे थे, जो एक ही गांव और मोहल्ले से थे। इनमें ज्यादातर संख्या महिलाओं की नजर आई।

### 450 नामांकन फॉर्म खरीदने की तैयारी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील का अनुशरण करते हुए राजनांदगांव लोकसभा सीट से लगभग 450 लोगों द्वारा नामांकन पत्र लिए जाने की तैयारी यहां दिखाई दे रही है। आज 210 लोगों ने नामांकन फार्म लिया है। वहीं लगभग ढाई सौ लोगों के द्वारा कल नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जाने की तैयारी की चर्चा इस सीट पर बनी हुई है। ऐसे में लगभग 450 लोग अगर इस सीट पर अपना नामांकन दाखिल करते हैं, तो यहां बैलेट पेपर से चुनाव हो सकते हैं।

अब देखना यह है कि अंतिम दिन कुल कितने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जाते हैं और नाम वापसी तक कितने लोग इस चुनाव मैदान पर डटे रहते हैं।

## कोयला घोटाला मामले में कोल कारोबारियों को नोटिस

रायपुर,03 अप्रैल 2024(ए)। .छत्तीसगढ़ के कोल लेवी घोटाले में अब कोयला कारोबारी एसीबी-ईओडब्लू के जांच के दायरे में आ गए हैं। सूत्रों के मुताबिक एसीबी-ईओडब्ल की टीम ने 50 से अधिक कोयला कारोबारियों की सूची तैयार की है, जिन्हें नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए तलब किया जा रहा है।

एसीबी-ईओडब्लू के सूत्र बताते हैं कि अब तक 15 से अधिक कोयला कारोबारियों को नोटिस भेजा भी जा चुका है जो एक-एक कर अपना बयान दर्ज कराने ईओडब्लू दफ़्तर पहुंच रहें हैं.। एसीबी-ईओडब्ल की नोटिस कोल लिफ्टर और डिलीवरी ऑर्डर से जुड़े कारोबारियों के पास पहुंच रही है.।




सूत्रों के मुताबिक एसीबी की जांच में पिछले कुछ सालों में बड़े पैमानों पर कोल लिफ्टिंग और डिलीवरी ऑर्डर पर गड़बड़ियां पाई गई हैं. इसी आधार पर अब कारोबारियों को दफ्तर तलब करने की तैयारी है।

उच्च पदस्त सूत्रों के मुताबिक जिन कारोबारियों की सूची तैयार की गई है. उसमे रायपुर, रायगढ़, कोरबा, सूरजपुर, बिलासपुर समेत कई जिलों के कोयला कारोबारियों के नाम शामिल है। इन कारोबारियों की गड़बड़ियां कई बड़े कोल माइंस से जुड़े हुए हैं. एसीबी-ईओडब्लू ने कुसमुंडा कोल माइंस, दीपका कोल माइंस, गेवरा कोल माइंस, गायत्री कोल माइंस, आमगांव कोल माइंस समेत अलग-अलग माइनिंग से जुड़े कारोबारियों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है। कोयले के कारोबार से जुड़े कारोबारियों को डिलीवरी ऑर्डर और कोल लिफ्टिंग से जुड़े मामलों पर पूछताछ की जाएगी।

एंटी करप्शन ब्यूरो एसीबी-ईओडब्लू की जांच पूर्वती सरकार में 25 प्रति टन कोल ट्रांसपोर्ट के लेवी वसूली पर भी चल रही है। प्रवर्तन निदेशालय के प्रतिवेदन पर ईओडब्लू ने 40 से अधिक लोगों के खिलाफ नामजद एफ़आईआर दर्ज की है। जिनका बहुत जल्द बयान दर्ज किया जाएगा। ईओडब्लू की टीम उन नामजद लोगों के साथ जुड़े कारोबारियों को भी अपने जांच के दायरे में ला रही है। एसीबाई के एफ़आईआर के मुताबिक रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सूरजपुर समेत कोयले से जुड़े प्रभावशाली क्षेत्रों में 25 रुपए प्रति टन कोयला ट्रांसपोर्टरों से अवैध वसूली की जा रही थी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)